जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी, गुरुवार 27 जून, 2024

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना

## के तहत बढ़ी हुई राशि का सीधा हस्तांतरण



श्री भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान | श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

**88** लाख से अधिक लाभार्थी

**1037** करोड़ रुपए से अधिक राशि

| दिनांक | स्थान | समय |
|---|---|---|
| 27 जून, 2024 | खेल मैदान, केशव उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर के पीछे, इंदिरा नगर, झुंझुनूं | प्रातः 11:00 बजे |

**मुख्य अतिथि**

**श्री भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

**विशिष्ट अतिथि**

**श्री अविनाश गहलोत**
मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

कार्यक्रम में माननीय **मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा** के कर कमलों द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत बढ़ी हुई राशि का एक साथ सीधा हस्तांतरण लाभार्थियों के बैंक खातों में किया जाएगा।

**लाभांवित पेंशन श्रेणी**

वृद्धजन सम्मान पेंशन । एकल नारी सम्मान पेंशन । विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन । लघु एवं सीमांत वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन

● LIVE
DIPRRajasthan
DIPRRajasthanofficial

यूट्यूब पर लाइव देखने के लिए स्कैन करें

राजस्थान संवाद

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, राजस्थान**

www.sje.rajasthan.gov.in

## विचार बिन्दु

उपकार के लिए अगर कुछ छल भी करना पड़े तो उससे आत्मा की हत्या नहीं होती। –प्रेमचंद

# साइबर ठगी का नया अवतार डिजिटल अरेस्ट

साइबर ठगी का नया अवतार डिजिटल अरेस्ट बड़ी तेजी से अपने पांव पसारता जा रहा है। इस साल के शुरुआती चार माह की ही बात करें तो अप्रेल तक देश में इस नए अवतार के 4599 मामलें सामने आ चुके हैं। देश की धड़कन दिल्ली की ही बात करें तो प्रतिमाह औसतन 10 मामलें इस तरह के आ रहे हैं। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इस नए कलियुगी अवतार के सबसे अधिक शिकार पढ़े–लिखे और समझदार लोग हो रहे हैं। कोई बैंक मैनेजर है तो कोई रिटायर्ड अधिकारी–कर्मचारी, तो कोई विदेशों में अध्ययन का सपना संजाए युवा है तो कोई समाज के प्रबुद्ध वर्ग से जुड़ा व्यक्ति। मजे की बात यह है कि साइबर ठगी के इस नए अवतार डिजिटल अरेस्ट में चंद मिनटों में खेल नहीं होकर कई घंटों से लेकर कई दिनों यहां तक की एक मामलें में तो 17 दिन तक डिजिटली अरेस्ट का मामला सामने आ चुका है। दिल्ली, जयपुर, फरिदाबाद सहित देश के कोने–कोने से इस तरह के मामलें सामने आने के साथ ही मीडिया की सुर्खियां बन रहे हैं। खास बात यह है कि लंबे समय तक लगातार डिजिटली अरेस्ट के बावजूद ठगी का शिकार व्यक्ति तनाव में तो चला जाता है पर अपनों से साझा करने में हिटकिचाता है और यही कारण है कि इस तरह से साइबर ठगी करने वालों के हौसले बुलंद हो जाते है।

डिजिटली अरेस्ट का मतलब साफ–साफ यह है कि कुछ लोगों के गिरोह में से गिरोह का कोई सदस्य लक्षित व्यक्ति को विडियो कॉल करके पहले तो डराता है कि आपके नाम से या आपने कोई नई सिम जारी कराई है और उसके माध्यम से आप अवैध गतिविधियों में लिप्त है। वे पुलिस, नारकोटिक्स, ट्राई या दसियों तरह की किसी संस्था के अधिकारी बन कर बात करते हैं और गैर कानूनी ट्रांजेक्शन से लेकर कोई गैरकानूनी पार्सल भेजने या ऐसे ही किसी तरह के मनगडंत आरोप मड़ते हुए इस कदर डरा देते हुए हैं कि व्यक्ति डर के मारे उनके जाल में फंस जाते हैं। मजे की बात यह है कि लक्षित व्यक्ति को जब तक वे पूरी तरह से ठगी में कामयाब नहीं हो जाते हैं तब तक वीडियो कॉल से हटने का मौका भी नहीं देते। डर के मारे व्यक्ति उनके जाल में फंस जाता है और उनकी डिमांड पूरी करने में लग जाता है। यहां तक कि इस तरह के साइबर ठग अपने टारगेट को स्वाईप आदि एप के माध्यम से ऑपरेट तक करते हुए पैसा खातों से यहां तक कि एफडी और म्यूचुअल फण्ड तक से पैसा वसूलने में सफल हो जाते हैं। ठगी का शिकार व्यक्ति डिजिटली अरेस्ट होने के बावजूद अपने परिजनों तक को हालात से अवगत करा नहीं पाता या यों कहें कि उसे इस तरह से मानसिक रुप से डरा दिया जाता है कि वो अपने में ही सिमट कर रह जाता है और तनाव में आ जाता है।


**ऐसा नहीं है कि डिजिटल अरेस्ट के इस नए अवतार से साइबर क्राइम ब्यूरों या अपराध अनुसंधान करने वाले वाकिफ नहीं हो। इस नई तरह की ठगी के बारे में जानकारी होने के कारण ही इससे बचने के उपायों व जगरुकता के प्रयास किये जाते रहे हैं। 1930 पर इसकी शिकायत की जा सकती हैं तो साइबर अपराध की सरकारी साइट पर जा कर सहायता मांगी जा सकती हैं इसी तरह से सोशियल मीडिया साइट के माध्यम से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है तो शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।**

ऐसा नहीं है कि डिजिटल अरेस्ट के इस नए अवतार से साइबर क्राइम ब्यूरों या अपराध अनुसंधान करने वाले वाकिफ नहीं हो। इस नई तरह की ठगी के बारे में जानकारी होने के कारण ही इससे बचने के उपायों व जगरुकता के प्रयास किये जाते रहे हैं। 1930 पर इसकी शिकायत की जा सकती हैं तो साइबर अपराध की सरकारी साइट पर जा कर सहायता मांगी जा सकती हैं इसी तरह से सोशियल मीडिया साइट के माध्यम से भी सहायता प्राप्त की जा सकती है तो शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। दरअसल होता यह है कि ठगी का शिकार व्यक्ति पहले तो तनाव में आ जाता है और फिर परिजनों से भी साझा करने में डरने लग जाता है। नहीं तो उस पर जो आरोप लगाये जा रहे हैं उससे संबंधित विभाग से संपर्क साधा जा सकता है। समझदार होने के बावजूद डर इस तरह से सताने लगता है कि व्यक्ति अपनी निजी जानकारी तक साझा कर लेता है और रुपये के लेन–देन की बात करने लगता है ताकि वह पीछा छुड़ा सके। पर वह यह भूल जाता है कि पैसा देने से पीछा नहीं छूटता बल्कि उसे आगे का रास्ता मिल जाता है और ठगी करने वाले और अधिक ब्लेकमेल करने लगते हैं।

जहां तक ठगी के शिकार लोगों के बेकग्राउण्ड का सवाल है तो इनकी काबिलियत पर किसी तरह का शक नहीं किया जा सकता पर मजे की बात यह है कि अच्छे बेकग्राउण्ड के लोग भी आसानी से इस तरह की ठगी के आसानी से शिकार हो रहे हैं। यह अपने आपमें चिंतनीय है। डिजिटली अरेस्ट के मामलों में बिना किसी भय के अपने परिजनों, मित्रजनों या विश्वसनीय से साझा करने के साथ ही किसी भी तरह से पुलिस व साइबर क्राइम में शिकायत दर्ज कराने में देरी नहीं करनी चाहिए। जब हम किसी अपराध में लिप्त ही नहीं है तो फिर डरने का क्या काम इस भावना के साथ साइबर क्राइम से सहायता मांगने या सोशियल मीडिया पर साझा करने से भी नहीं झिझकना होगा। इसके साथ ही संभव हो तो जिस अपराध का आरोप लगाया जा रहा है उस संस्था से भी प्रत्यक्ष या परोक्ष रुप से संपर्क साध कर जानकारी व सहायता प्राप्त की जा सकती है। लब्बोलुबाब यह है कि इस तरह की समस्या का समाधान केवल और केवल व्यक्तिगत जागरुकता से ही संभव हो सकता है और इसके लिए हमें स्वयं को जागरुक रहने के साथ ही दूसरे लोगों को भी जागरुक करना होगा।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ.राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**
**( वरिष्ठ लेखक )**

## राशिफल गुरूवार 27 जून, 2024



पंडित अनिल शर्मा

आषाढ़ मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2081, शतभिषा नक्षत्र दिन 11:37 तक, आयुष्मान योग रात्रि 12:28 तक, गर करण प्रात: 7:48 तक, चन्द्रमा रात्रि 4:32 से मीन राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य–मिथुन, चन्द्रमा–कुम्भ, मंगल–मेष, बुध–मिथुन, गुरू–वृष, शुक्र–मिथुन, शनि–कुम्भ, राहु–मीन, केतु–कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 11:37 से आरम्भ होगा। भद्रा सांय 6:40 से आरम्भ होगी। आज पंचक है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:22 तक, चर 10:47 से 12:29 तक, लाभ–अमृत 12:29 से 3:55 तक, शुभ 5:37 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:39, सूर्यास्त 7:20

**मेष**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। चलते कार्यों में प्रगति होगी।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा हो सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

**सिंह**
परिवार में आपसी सहयोग–समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक–सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।

**कन्या**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच–विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**वृश्चिक**
घर–परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा। परिवार में शुभ–मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक आर्थिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

**धनु**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। नवीन व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे।

**मकर**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**कुंभ**
व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**मीन**
अनर्गल कार्यों में समय खराब होगा। अनावश्यक धन खर्च होगा। मन में असंतोष बना रहेगा। वाणी पर नियंत्रण संयम रखना ठीक रहेगा। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

# जल संकट: भारत में तीन गुना बढ़ जाएगी भूजल में गिरावट की दर



राम शर्मा

दुनिया भर में बढ़ता तापमान अपने साथ अनगिनत समस्याएं भी साथ ला रहा है, जिनकी जद से भारत भी बाहर नहीं है। ऐसी ही एक समस्या देश में गहराता जल संकट है जो जलवायु में आते बदलावों के साथ और गंभीर रूप ले रहा है। इस बारे में अंतराष्ट्रीय शोधकर्ताओं द्वारा किए नए अध्ययन से पता चला है कि बढ़ते तापमान और गर्म जलवायु के चलते भारत आने वाले दशकों में अपने भूजल का कहीं ज्यादा तेजी से दोहन कर सकता है। अनुमान है कि इसके चलते 2040 से 2080 के बीच भूजल में आती गिरावट की दर तीन गुणा बढ़ सकती है। इस रिसर्च के नतीजे हाल ही एक अंतरराष्ट्रीय जर्नल साइंस एडवांसेज में प्रकाशित हुए हैं।

गौरतलब है कि भारत दुनिया के अन्य देशों की तुलना में पहले ही कहीं ज्यादा तेजी से अपने भूजल का दोहन कर रहा है। आंकड़ों से पता चला है कि भारत में हर साल 230 क्यूबिक किलोमीटर भूजल का उपयोग किया जा रहा है, जोकि भूजल के वैश्विक उपयोग का लगभग एक चौथाई हिस्सा है। देश में इसकी सबसे ज्यादा खपत कृषि के लिए की जा रही है। देश में गेहूं, चावल और मक्का जैसी प्रमुख फसलों की सिंचाई के लिए भारत बड़े पैमाने पर भूजल पर निर्भर है। लेकिन जैसे–जैसे तापमान में वृद्धि हो रही है, खेत तेजी से सूख रहे हैं।

इसके साथ ही मिट्टी में नमी को सोखने की क्षमता भी घट रही है, जिसकी वजह से भारत में भूजल स्त्रोतों को रिचार्ज होने के लिए पर्याप्त जल नहीं मिल रहा है। नतीजन साल दर साल देश में भूजल का स्तर तेजी से नीचे गिरता जा रहा है। अनुमान है कि बढ़ते तापमान के साथ जल उपलब्धता में आने वाली इस गिरावट के चलते एक तिहाई लोगों की जीविका पर खतरा मंडराने लगेगा। इसके न केवल भारत में बल्कि वैश्विक परिणाम भी सामने आएंगें। साथ ही इससे देश में खाद्य सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा हो जाएगा।

इस बारे में अध्ययन से जुड़ी वरिष्ठ लेखक और यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन के स्कूल फॉर एनवायरनमेंट एंड सस्टेनेबिलिटी में सहायक प्रोफेसर मेहा जैन का कहना है कि, ''भारत में किसान बढ़ते तापमान से निपटने के लिए अधिक सिंचाई का उपयोग कर रहे हैं। यह एक ऐसी रणनीति जिस पर भूजल में आती गिरावट के पिछले अनुमानों के बारे में विचार नहीं किया गया है।''

उनके मुताबिक यह चिंताजनक है क्योंकि भारत दुनिया में सबसे ज्यादा भूजल का उपयोग करने वाला देश है जो क्षेत्रीय और वैश्विक खाद्य उत्पादन दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बता दें कि अपने इस अध्ययन में वैज्ञानिकों ने भारत में भूजल को होने वाले नुकसान की दरों का अनुमान लगाने के लिए 10 जलवायु मॉडलों से प्राप्त बारिश और तापमान के अनुमानों का उपयोग किया है। अध्ययन में इस बात पर गौर किया गया है कि देश में बढ़ते तापमान के चलते फसलों पर पड़ने वाले दबाव से निपटने के लिए पानी की मांग बढ़ सकती है। इसकी वजह से किसानों को फसलों की सिंचाई में वृद्धि कर सकती है। रिसर्च के अनुसार बढ़ते तापमान और सर्दियों में बारिश में आती गिरावट के चलते भूजल में गिरावट आ रही है, जिसकी भरपाई मानसून में होने वाली अतिरिक्त बारिश भी नहीं कर पा रही।

इस बारे में अध्ययन और ओक्लाहोमा विश्वविद्यालय से जुड़े निशान भट्टराई का कहना है कि, यदि तापमान में होती वृद्धि इसी तरह जारी रहती है तो बढ़ते तापमान से भूजल में आती गिरावट की दर तीन गुणा बदतर हो सकती है, जो दक्षिण और मध्य भारत के क्षेत्रों को भी प्रभावित करेगी। उनके मुताबिक जब तक हम भूजल को बचाने के उपाय नहीं करते, तब तक बढ़ते तापमान से भारत में भूजल से जुड़ी मौजूदा समस्याएं और बदतर हो जाएंगी। इससे देश में बदलती जलवायु के साथ खाद्य और जल सुरक्षा के लिए अतिरिक्त चुनौतियां पैदा हो जाएंगी। अपने इस हालिया अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने कई स्त्रोतों से प्राप्त आंकड़ों को एकत्र किया है और उनका एक डेटासेट तैयार किया है। इसमें देश के हजारों कुओं में भूजल के स्तर, फसलों पर बढ़ता जल तनाव और उपठाह से प्राप्त आंकड़ों के साथ मौसम संबंधी रिकॉर्ड को भी शामिल किया गया है। पिछले अध्ययनों ने भी इस बात की पुष्टि की है कि जलवायु में आते बदलावों के चलते 2050 तक देश की प्रमुख फसलों की उपज में 20 फीसदी तक की कमी आ सकती है। इसके साथ ही, देश में भूजल का स्तर चिंताजनक दर से कम हो रहा है, जिसका मुख्य कारण सिंचाई के लिए भूजल का बढ़ता दोहन है। बता दें कि दुनिया भर में भूमिगत जल, साफ पानी का सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला स्त्रोत हैं। आंकड़ों की मानें तो वैश्विक स्तर पर करीब 200 करोड़ लोग, अपनी रोजमर्रा की जरूरतों और सिंचाई के लिए भूजल पर ही निर्भर हैं। रिसर्च के अनुसार दुनिया की 20 फीसदी आबादी इन भूजल स्त्रोतों द्वारा सिंचित फसलों का उपभोग का रही है। हालांकि बढ़ती आबादी और उनकी जरूरतों के साथ इन भूजल स्त्रोतों पर दबाव भी बढ़ता जा रहा है।

अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर में प्रकाशित एक अन्य अध्ययन से पता चला है कि 2050 तक दुनिया के 79 फीसदी तक भूजल स्त्रोत खत्म हो जाएंगे। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि उत्तर भारत जो कि देश में गेहूं और चावल का प्रमुख उत्पादक क्षेत्र है, वहां 5,400 करोड़ घन मीटर प्रति वर्ष की दर से भूजल घट रहा है । नीति आयोग ने भी अपनी एक रिपोर्ट में देश में लगातार घटते भूजल के स्तर को लेकर चिंता जताई थी। इस रिपोर्ट के अनुसार भूजल में आ रही यह गिरावट 2030 तक गंभीर खतरे का रूप ले लेगी। इतना ही नहीं 2020 तक दिल्ली, बेंगलुरु, चेन्नई और हैदराबाद सहित 21 शहरों में भूजल करीब–करीब खत्म होने की कगार पर पहुंच जाएगा।

भारत में गिरते भूजल की समस्या से निपटने के लिए सरकार ने जलदूत नामक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया है। इसका मकसद भारत के गांवों में गिरते भूजल के जलस्तर का पता लगाना है, जिससे पानी की समस्या को दूर किया जा सके। जल जीवन है, लेकिन जिस तरह से देश में इसका दोहन और कुप्रबंधन किया जा रहा है, उसके आने वाले वक्त में गंभीर परिणाम हो सकते हैं। गौरतलब है कि सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) द्वारा आयोजित 2023 पॉलिसी एंड प्रैक्टिस फोरम में जल संकट पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि भारत में जल संकट, जल संसाधनों की कमी के चलते नहीं बल्कि उसके कुप्रबंधन के कारण बढ़ रहा है।

सिर्फ भारत ही नहीं दुनिया के कई अन्य देश भी गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। भले ही हम इसके लिए जितना मर्जी अन्य कारणों को कोस ले, लेकिन सच यही है कि इस अमूल्य संसाधन में आती गिरावट के लिए हम मनुष्य ही जिम्मेवार हैं। यदि ऐसा ही चलता रहा तो आने वाले समय में हमारी नस्लों को पानी की गंभीर कमी के लिए तैयार रहना होगा।

**–राम शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार**

# प्रशासन और पुरातत्व विभाग सीमा पर बने तीन किलों को संरक्षित करने के विकल्प तलाश रहे

**जैसलमेर, (निसं.)।** तत्कालीन जिला कलेक्टर गिरीराजसिंह कुशवाहा द्वारा वर्ष 2011 में अपने कार्यकाल में राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव एस. अहमद को सरहद स्थित घोटारू, गणेशिया और किशनगढ़ किले को संरक्षित स्मारक घोषित करने हेतू पत्र लिखा गया था। उसी वजह से कला साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग की ओर से जैसलमेर के आसपास बने घोटारू, गणेशिया के साथ–साथ किशनगढ़ किले को संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिये इसका निरीक्षण कर इसकी रिपोर्ट तैयार करने के लिये एक दल आया था।



भारत–पाक सीमा के समीप स्थित जर्जर होता किशनगढ़ किला।

- **जैसलमेर के आसपास बने घोटारू, गणेशिया के साथ-साथ किशनगढ़ किले की किस्मत संवर नहीं पाई है**
- **राज्य सरकार की ओर से घोटारू, गणेशिया और किशनगढ़ किले को संरक्षित स्मारक घोषित करने की घोषणा 22 नवम्बर 2011 में जारी कर दी थी**

इसमें पुरातत्व अधीक्षक सहित जैसलमेर संग्रहालय अध्यक्ष भी शामिल रहे। इस निरीक्षण दल की तरफ से बनाई गई रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने अधिसूचना जारी कर आपत्तियां मांगी थी। आपत्तियां नहीं मिलने की स्थिति में कला, साहित्य, संस्कृति और पुरातत्व विभाग ने राजस्थान स्मारक पुरावशेष स्थान और प्राचीन वस्तु अधिनियम 1961 के तहत राज्य सरकार की ओर से घोटारू, गणेशिया और किशनगढ़ किले को संरक्षित स्मारक घोषित करने की घोषणा 22 नवम्बर 2011 में जारी कर दी।

संरक्षित स्मारक घोषित होने के बाद यहां के लोगों को उम्मीद जगी थी कि अब इस किले के दिन बदलने वाले हैं लेकिन ऐसा हुआ नहीं। सरकारी उपेक्षा के चलते संरक्षित स्मारक होने के बाद भी न्यायिक रस्साकशी में फंसे इन किलों की किस्मत संवर नहीं पाई है। जैसलमेर की पाकिस्तान से लगती सीमा पर बने होने के कारण तीनों किले सीमा सुरक्षा बल के अधिकार क्षेत्र में है। किले संरक्षित स्मारक होने के कारण बीएसएफ मरम्मत करने में असमर्थ है। पुरातत्व विभाग के संरक्षण में घोषित होने के कारण बीएसएफ वाले कोई आनाकानी नहीं कर सकते पुरातत्व विभाग और जिला प्रशासन की संवेदनहीनता की वजह से पिछले 13 साल से किलों को कोई रखरखाव नहीं मिला है। किशनगढ़ सहित तीनों गौरवशाली किले जो कि पुरातत्व विभाग के अधीक्षक इमरान अली के बताये अनुसार संरक्षित स्मारकों के रुप में सुचिबद्ध है। अपनी सारसंभाल के अभाव में जर्जर होते जा रहे है। किशनगढ़ किला मुगल और सिंध शैली का नायाब नमूना है। यह किला जैसलमेर जिला मुख्यालय से पकिस्तान सीमा की तरफ 145 किलोमीटर दूर स्थित है। सीमा पर बने होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से इस किले पर पर्यटकों के आने की पाबंदी लगी हुई है और यही वजह है कि देखरेख के अभाव में यह किला दम तोड़ता नजर आ रहा है। इतिहासकार बताते हैं कि दावद खां के पौत्रों से हुई संधि के बाद महारावल मूलराजसिंह के समय इसका नाम बदल कर कृष्णगढ़ रखा गया था। जिसे आज किशनगढ़ के नाम से जाना जाता है। अठारहवीं शताब्दी का यह किला वास्तुशिल्प संरचना का अद्भुद नमूना है। इस किले का निर्माण पक्की इंटों से करवाया गया है और इसमें दो मंजिलें बनी हुई है। किले में मस्जिद, महल और पानी का कुआ भी बना हुआ है. मुगल और सिंध शैली के मिश्रण से बना यह किला अपनी निर्माण तकनीक में बेजोड़ है। यही कारण है कि आज भी उपेक्षा का दंश झेलने के बावजूद यह डटा खड़ा है। सीमा सुरक्षा बल ने किशनगढ़ के पास सैन्य चौकी का निर्माण किया है जहां पर सैकड़ों सैनिक रहते हैं। यह किला दिन–ब–दिन अपना स्वरूप खोता जा रहा है। आगामी दिनों में अगर इस किले की ओर गंभीरता पूर्वक नजर नहीं डाली गई तो जमींदोज होता यह किला इतिहास के पन्नों में ही सिमट कर रह जायेगा। घोटारू किला 1765 में बनाया गया था यह रेगिस्तानी रेशम मार्ग पर एक प्रमुख किला था वर्तमान में खंडहर हो चुका है किले के अंदर घोटारू माता का मंदिर है। ऐतिहासिक रुप से घोटारू किला सिंध जैसलमेर रियासत के बीच यात्रा करने वाले व्यापारियों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र था। घोटारू किले में व्यापारियों के लिए सुरक्षा और सुविधाएं प्रदान की जाती थी। गणेशिया किले की भी स्थिति खराब है।

2011 में तत्कालीन जिला कलेक्टर गिरीराजसिंह कुशवाहा द्वारा अपने कार्यकाल में सीमावर्ती गुंजनगढ़ की सड़क का निर्माण भी करवाया गया था। उनके जिले की जनता के प्रति एक पिता तुल्य भाव रहे। कुशवाहा निरंतर जैसलमेर पदासीन रहते तो आज तक तीनों किलो का पुरातत्व विभाग को सहयोग देकर नया जीवन दान दे देते जिससे जैसलमेर के पर्यटन को पंख लग जाते। वर्तमान जिला कलेक्टर प्रतापसिंह का कहना है कि प्रशासन पुरातत्व विभाग के संपर्क में है, वे तीनों किलों को संरक्षित करने के विकल्प तलाश रहे हैं।

# जयपुर मिलिट्री स्टेशन में पहली प्लास्टिक वेस्ट द्वारा निर्मित सड़क का उद्घाटन

**जयपुर।** जयपुर मिलिट्री स्टेशन में सगतसिंह रोड अंडरब्रिज से कब्स कॉर्नर कॉम्प्लेक्स तक 100 मीटर लंबी पहली प्लास्टिक वेस्ट रोड का उद्घाटन मेजर जनरल आरएस गोदारा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 61 सब एरिया द्वारा बुधवार को किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) कर्नल अमिताभ शर्मा द्वारा मिली जानकारी के अनुसार जयपुर मिलिट्री स्टेशन प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाने वाला दूसरा मिलिट्री स्टेशन है और इसे अपने रखरखाव कार्यक्रम का हिस्सा बनाने वाला पहला सैन्य स्टेशन है। इससे पहले 2019 में उत्तर पूर्व में नारंगी मिलिट्री स्टेशन में एक प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाई गई थी। जीओसी 61 सब एरिया, मेजर जनरल गोदारा ने उद्घाटन के दौरान साइट पर एक पौधारोपण भी किया जो विकास और प्रगति का प्रतीक है। इस अवसर पर चीफ इंजीनियर जयपुर जोन, कमांडर वर्क्स इंजीनियर, एडम कमांडेंट, कर्नल क्यू 61 सब एरिया के साथ–साथ गैरीसन इंजीनियर (दक्षिण) के कर्मचारी मौजूद थे। सड़क का निर्माण गैरीसन इंजीनियर (दक्षिण), चीफ इंजीनियर जयपुर जोन के तत्वावधान में भारतीय सेना की हरित सैन्य स्टेशन बनाने की नीति के अनुरूप किया गया है। इस परियोजना में दीप कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड ने भी योगदान दिया।

परियोजना अधिकारी मेजर तुषार नांबियार, गैरीसन इंजीनियर (दक्षिण), जयपुर मिलिट्री स्टेशन ने बताया कि प्लास्टिक वेस्ट से निर्मित सड़क से होने वाले लाभों में पारंपरिक सड़कों की तुलना में स्थायित्व में वृद्धि, कम टूट–फूट, कम जल उपयोग और अधिक स्थिरता शामिल है।

- **इससे पहले 2019 में उत्तर पूर्व में नारंगी मिलिट्री स्टेशन में प्लास्टिक वेस्ट रोड बनाई गई थी**



जयपुर मिलिट्री स्टेशन में सगतसिंह रोड अंडरब्रिज से कब्स कॉर्नर कॉम्प्लेक्स तक प्लास्टिक वेस्ट रोड का उद्घाटन मेजर जनरल आरएस गोदारा, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 61 सब एरिया ने किया।

# खेत में मृत नर पैंथर का शव मिला

**राजसमंद, (निसं)।** जिले में कुंभलगढ़ ब्लॉक की ग्राम पंचायत अंटालिया के ग्राम बीड की भागल में मृत पैंथर की सूचना मिलने से सनसनी फैल गई। डीसीएफ सुदर्शन शर्मा ने बताया कि बुधवार सुबह 9 बजे सूचना मिली कि ग्राम पंचायत अंटालिया के ग्राम में निजी खातेदारी बीड में एक पैंथर का शव पड़ा है।

सूचना पर मिलने पर क्षेत्रीय वन अधिकारी झीलवाडा रेंज झीलवाडा स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंचे और मृत नर पैंथर के शव को कब्जे में लिया। डीसीएफ शर्मा ने बताया कि देखने में पैंथर की आयु करीब 6 वर्ष की लग रही थी। नर पैंथर का शव 3–4 दिन पुराना था हालांकि उसके चारों पैरों के नाखून व दांत सही सलामत थे। मौके पर ही चिकित्सा दल के पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की गई। चिकित्सा दल में डॉ. सतीश शर्मा दिवेर, डॉ. सुरेश कुमार जांगिड कुंभलगढ़, डॉ. गोवा राम चारभुजा द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के पश्चात् मौके पर ही उपस्थित लोगों, राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के प्रतिनिधि के समक्ष उक्त मृत नर पैंथर का अंतिम सस्कार किया गया।

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 16 संख्याः 233 प्रभात हिण्डौन सिटी, गुरुवार 27 जून, 2024 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 8 मूल्य 2.50 रु.

# संसद के पहले ही दिन मोदी ने ''मैसेज'' दिया कि, वे अपने ही तरीके से काम करेंगे

- लोकसभा स्पीकर बनने के बाद, ओम बिड़ला ने 1975 के आपालकाल की भर्त्सना करते हुए, वक्तव्य दिया, जिसमें इंदिरा गांधी की प्रजातंत्र का गला घोटने, जनता के ''सिविल राइट्स'' (नागरिकता के अधिकार) को कुचलने व विपक्ष के नेताओं को जेल मे डालने का आरोप लगाया।
- इस वक्तव्य के पश्चात् ओम बिड़ला ने आपातकाल के विरोध मे एक मिनट ''साइलैंस'' भी रखा सदन में।
- इन कृत्यों से मोदी सरकार ने स्पष्ट मैसेज भी दिया कि, वे सदन के अंदर व बाहर, विपक्ष से समझौते या बातचीत का रास्ता अख्तियार नहीं करेंगे, बल्कि, सामना करने का रवैया रखेंगे।
- विपक्ष का इस बारे में यह मानना है कि, मोदी का यह रवैया, इस बात का सूचक है कि, वे राहुल गांधी, इंडिया गठबंधन से खास खफा हैं, चुनाव के दौरान यह प्रचार करने के लिये कि, मोदी संविधान बदलना चाहते हैं और संविधान बदलकर, एस.सी., एस.टी. का आरक्षण खत्म करना चाहते हैं। एस.सी. में फैली इस ''खबर'' का यू.पी., राजस्थान, हरियाणा में दलित वोट भाजपा के खिलाफ हो गया और भाजपा को काफी नुकसान हुआ लोकसभा चुनाव में।

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। नरेन्द्र मोदी समय बर्बाद करने में विश्वास नहीं रखते हैं। अठारहवीं लोकसभा के पहले दिन प्रधानमंत्री ने सर्वसम्मत या सहयोग का नहीं बल्कि टकराव का संदेश दे दिया और इसके साथ ही संसद तथा उसके बाहर भविष्य के युद्ध का मंच तैयार किया।

उन्होंने विपक्ष तथा विशेष रूप से राहुल के विरुद्ध लोकसभा के नवनिर्वाचित स्पीकर ओम बिड़ला के माध्यम से एक मिसाइल दागी। आज सुबह ही, विपक्ष के प्रत्याशी, कांग्रेस के सांसद के. सुरेश को हराकर ओम बिड़ला दूसरी बार लोकसभा के स्पीकर चुने गए।

स्पीकर के रूप में अपने पहले कार्य के रूप में, ओम बिड़ला ने तैयार किया हुआ एक बयान पढ़कर सुनाया, जिसमें आपातकाल के काले दिनों, इन्दिरा गाँधी की भूमिका की भारी आलोचना की। इसके अलावा, कैसे प्रजातंत्र का नाश किया गया, कैसे नागरिक स्वतंत्रता व अधिकारों को रौंदा गया, कैसे विपक्षी नेताओं को जेल में डाला गया, आदि विषयों पर भी ओम बिड़ला बोले।

फिर स्पीकर ने आपातकाल पर एक मिनट का मौन रखने के लिए कहा।

स्पष्ट है कि, नरेन्द्र मोदी बहुत उद्विग्न हैं तथा राहुल गाँधी, कांग्रेस व विपक्ष पर पलटवार करना चाहते हैं, उनके इस अभियान को लेकर कि, मोदी संविधान बदलना चाहते हैं।

उक्त अभियान के परिणामस्वरूप, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा तथा अन्य प्रमुख राज्यों में दलितों ने भाजपा के विरुद्ध मतदान किया, जिसके कारण मोदी तथा भाजपा को लोकसभा में अपना बहुमत खोना पड़ा।

नड्डा ने आपातकाल के विरुद्ध इस सप्ताह के देशव्यापी अभियान की घोषणा की है, जो कि 49 वर्ष पूर्व हुई एक घटना को लेकर मोदी का जवाब है।

नरेन्द्र मोदी ने संकेत दे दिया है, कि वे ऐसे आदमी नहीं जो बदल जाएंगे वे अपनी शर्तों पर काम करते रहेंगे भले ही अब उनके खिलाफ विपक्ष की ताकत बढ़ गई हो।

राहुल इस समय विपक्ष के नेता हैं उन्होंने अन्य नेताओं के साथ स्पीकर से

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## कन्हैया हत्याकांड में पुलिसकर्मी ने गवाही दी

जयपुर, 26 जून (का.सं.)। एनआईए मामलों की विशेष अदालत में बुधवार को उदयपुर के कन्हैयालाल हत्याकांड से जुड़े मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से गवाह के बयान दर्ज कराए गए। अभियोजन पक्ष की ओर से भीम पुलिस थाने के जीप चालक कांस्टेबल शंकर लाल ने बयान में हत्याकांड के दोनों आरोपियों को पकड़ने की जानकारी अदालत को दी।

- भीम पुलिस थाने के जीप ड्राइवर कांस्टेबल शंकर लाल ने बताया कि, उन्हें कन्हैया लाल की हत्या के आरोपियों द्वारा उदयपुर से अजमेर जाने की जानकारी मिली थी, तब पुलिस ने नाकाबंदी लगाकर उन्हें पकड़ा।

शंकरलाल ने अपने बयान में बताया कि, उन्हें सूचना मिली थी कि, कन्हैयालाल की हत्या के दो संदिग्ध उदयपुर से अजमेर की ओर जा रहे हैं। पुलिस ने नाकाबंदी की और उन्होंने आरोपियों का पैदल भी पीछा किया। इस दौरान सूचना मिली कि, आरोपी भीम हाइवे पर है। जिस पर वे वापस गाडी में आए और दो आरोपी मो.रियाज अत्तारी

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# कर्नाटक में मांग उठी कि, तीन और डिप्टी सी.एम. बनाये जायें

## ये उपमुख्यमंत्री एस.सी. ,एस.टी व बैकवर्ड जाति के हों

- मामला जटिल है, क्योंकि जब डी.के. शिवकुमार ने अपना मु.मंत्री पद का दावा छोड़ा था तो शर्त रखी थी कि, वे डिप्टी सी.एम. का पद पाकर संतुष्ट हो जायेंगे, पर, कर्नाटक में केवल एक ही उपमुख्यमंत्री होगा, और उनकी यह शर्त हाईकमान ने स्वीकार की थी।

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। एक वर्ष से अधिक के असंतोष के बाद, कर्नाटक मंत्री परिषद में कांग्रेस के महत्वाकांक्षी मंत्रियों ने पदोन्नति के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं और वे उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत करने की मांग कर रहे है वे इस मामले के ''उचित निर्णय'' के लिए पहुँचने वाले हैं।

कांग्रेस केन्द्र सरकार बनाने का मौका चूक गई क्योंकि इंडिया गठबंधन बहुमत के आँकड़े से पिछड़ गया, 40 सीटें कम रह गई, इसके बाद प्रदेश के मंत्रियों व विधायकों को केन्द्रीय नेतृत्व पर दबाव डालना शुरू करने के लिए थोड़ा और साहसी होने का मौका मिल गया। खासतौर से यह दबाव विभिन्न समुदायों का प्रतिनिधित्व करने वाले नेताओं की तरफ से आ रहा है, वे अपनी राजनीतिक जोर आज़माइश कर रहे हैं और भाजपा सत्ताधारी पार्टी में दरार पैदा होने की प्रतीक्षा कर रही है।

पूर्व मुख्यमंत्री बसवाराज बोम्मई एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी.वाय. विजयेन्द्र पहले से ही भविष्यवाणी करते रहे हैं कि कांग्रेस सरकार जल्दी ही गिरने वाली है, जबकि 135 सीटें जीतकर भारी बहुमत में होने के बाद ऊपरी तौर पर कांग्रेस सरकार को कोई खतरा नहीं है। यहाँ मुख्यमंत्री पद के दो तगड़े दावेदार है और भाजपा यह कयास लगा रही है कि इन दोनों के बीच मतभेद के चलते अन्ततोगत्वा उसे अपना खेल खेलने का मौका मिलेगा। परन्तु भाजपा यह भी अच्छी तरह से जानती है कि कांग्रेस के पास राज्य विधानसभा में प्रचंड बहुमत होने के कारण उसके लिए कर्नाटक में सफलतापूर्वक ''ऑपरेशन लोटस'' पूरा करना बहुत ही मुश्किल कार्य है।

जरूरी वस्तुओं की कीमतों में जबरदस्त बढ़ोतरी तथा पैट्रोलियम उत्पादों पर टैक्स में वृद्धि है के कारण असंतोष बढ़ रहा है कांग्रेस के स्थानीय नेताओं को यह सोचना पड़ रहा है कि अंदरूनी कलह तथा धड़ेबाजी से निपटने के लिए क्या कदम उठाना चाहिए।

अब सात मंत्रियों का एक दल दिल्ली चलो अभियान की योजना बना रहा है ताकि वे वहाँ कैबिनेट में उनका दर्जा बढ़ाने की मांग रख सके। वर्तमान में, सरकार में सिर्फ एक उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार हैं और उनकी यह शर्त है कि वे ही एकमात्र उपमुख्यमंत्री रहेंगे, तब ही उन्होंने सिद्धारैमया को मुख्यमंत्री पद देने की इजाज़त देने से इनकार कर दिया था।

मंत्रिगण हाईकमान को इस बात से प्रभावित करना चाहते है कि (डी.के.एस.) के वोक्कालिगा समुदाय के अतिरिक्त अन्य समुदाय जैसे कि एस.सी./एस.टी. समुदाय के नेताओं को भी उपमुख्यमंत्री पद मिलने का अवसर प्राप्त होना चाहिए। गृह मंत्री डॉ.जी. परमेश्वरा, सहकारी मंत्री के.एन. राजन्ना, लोक कार्य मंत्री सतीश जारकिहोली एवं अल्प संख्यक मामलात मंत्री बी.ज़ैड ज़मीर अहमद खान जैसे वरिष्ठ नेतागण उन्हें पदोन्नत करने के लिए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर दबाव बढ़ा रहे हैं।

अब तीन और उपमुख्यमंत्री पदों की मांग की जा रही है वह एस.सी., एस.टी. तथा पिछड़ा वर्ग के लिए एक-एक।

राजन्ना, जो खुद को डिप्टी सी.एम.

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# पंजाब में ''ऑपरेशन लोटस'' की शुरुआत हुई?

## पांच वरिष्ठ अकाली दल के नेताओं ने जालंधर में बैठक कर पार्टी अध्यक्ष को हटाने की मांग की

- इन बागी नेताओं का कहना है, गत लोकसभा चुनाव में पार्टी का बहुत ही खराब प्रदर्शन रहा। पार्टी का वोट प्रतिशत, जो 2019 में 27.42 था, अब घटकर लोकसभा चुनाव में केवल 13.42 प्रतिशत ही रह गया है। अतः पार्टी में नेतृत्व परिवर्तन करने की जरूरत है।
- दूसरी ओर पार्टी के अध्यक्ष सुखबीर बादल की पत्नी हरसिमरत कौर, जो लोकसभा के चुनाव में जीती अकाली दल की एकमात्र सांसद हैं, ने कहा कि, ये पांच बागी नेता भाजपा के संपर्क में हैं, तथा इनको सबक लेना चाहिए महाराष्ट्र से, जहां उद्धव ठाकरे को छोड़कर भाजपा के साथ जाने वाले शिव सेना के नेताओं का लोकसभा चुनाव में क्या हश्र हुआ है। भाजपा का ''ऑपरेशन लोटस'' पंजाब में कभी सफल नहीं होगा, तथा साथ ही अब किसी भी हालत में अकाली दल भाजपा से हाथ नहीं मिलायेगा, पंजाब में।

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। ओम बिड़ला के लोकसभा स्पीकर पद पर पुनः निर्वाचन के बीच एन.डी.ए. गठबंधन के एक पूर्व सहयोगी शिरोमणि अकाली दल (एस.ए.डी.) ने भाजपा पर पंजाब में ''ऑपरेशन लोटस'' चलाने के प्रयास का आरोप लगाया है।

एस.ए.डी. की आंतरिक समस्याओं में उबाल तब आ गया जब पार्टी के कुछ असंतुष्ट एवं अति सक्रिय नेताओं के एक गुट ने पार्टी प्रमुख सुखबीर सिंह बादल द्वारा आप चंडीगढ़ में आयोजित एक मीटिंग के विरोध में अलग एक मीटिंग आयोजित कर दी। असंतुष्ट गुट के नेताओं में पूर्व सांसद एवं एस.ए.डी. के सचिव प्रेम सिंह चंदूमाजरा सहित पार्टी के पाँच सीनियर नेता हैं। इन नेताओं ने जालंधर में एक समानान्तर मीटिंग आयोजित कर मांग की कि, हाल ही सम्पन्न लोकसभा चुनावों में पार्टी के निराशाजनक प्रदर्शन की जिम्मेवारी लेते हुए बादल को इस्तीफा दे देना चाहिए।

उक्त समानांतर मीटिंग में चन्दूमाजरा के अलावा सिकन्दर सिंह मलुका, बीबी जागीर कौर, परमिन्दर ढींढ़सा और स्वर्ण सिंह किल्लौर मौजूद थे। बागी नेताओं ने अगले माह से एस.ए.

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## जे.डी.ए. को निर्माण नहीं तोड़ने के आदेश

जयपुर, 26 जून (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर की न्यू सांगानेर रोड की चौडाई दो सौ फीट करने के दौरान याचिकाकर्ताओं के निर्माण तोड़ने पर पाबंदी लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में जेडीए के सचिव, प्रवर्तन अधिकारी, पीआरएन साउथ-प्रथम व डिप्टी

- राजस्थान हाई कोर्ट ने रोहित कुमार व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि, याचिकाकर्ता अतिक्रमणकारी नहीं हैं। मामले की सुनवाई 5 जुलाई को होगी।

कमिश्नर को जवाब देने के आदेश दिए हैं और मामले की सुनवाई 5 जुलाई को तय की है। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश रोहित कुमार व अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता एमएस राघव ने अदालत को

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'भारत में जी.डी.पी. ग्रोथ रेट 8 प्रतिशत'

- रिज़र्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह जानकारी देते हुए कहा कि, इसकी तुलना में चीन की ग्रोथ रेट 5 प्रतिशत रहने की संभावना है।
- दास ने मुम्बई में एक आयोजन में यह भी कहा कि, भारत की इतनी अच्छी ग्रोथ रेट का कारण है, जी.एस.टी. तथा इन्सॉल्वैंसी एण्ड बैंकरप्सी कोड व फ्लैक्सिबल इन्फ्लेशन टारगैटिंग मॉडल का क्रियान्वयन।

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। भारत 8 प्रतिशत की एक सतत जी.डी.पी. वार्षिक वृद्धि को हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह कहना है रिज़र्व बैंक ऑफ इण्डिया (आर.बी.आई.) के गवर्नर शक्तिकांत दास का। दास मुम्बई के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके विपरीत चीन की अर्थव्यवस्था के प्रति वर्ष 5 प्रतिशत वार्षिक के आस-पास आगे बढ़ने की उम्मीद है।

दास ने वित्तीय वर्ष 2025 के लिए आर.बी.आई. की 7.2 प्रतिशत जी.डी.पी. वृद्धि की भविष्यवाणी के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि भारत जी.डी.पी. की एक टिकाऊ 8 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का लक्ष्य रखते हुए अपनी अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक बदलाव के कगार पर है।

महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों के बल पर पिछले तीन वर्षों में भारत की जी.डी.पी. औसतन 8.3 प्रतिशत रही है। आर्थिक विकास में वृद्धि करने वाले प्रमुख पहलुओं के रूप में दास ने गुड्स एण्ड सर्विस टैक्स (जी.एस.टी.) व द इन्सॉलवैंसी एण्ड बैंक्रेप्सी कोड (आई.बी.सी.) को लागू करने तथा महंगाई के एक लचीले मॉडल का उल्लेख किया। दास ने कहा कि ''अर्थव्यवस्था के संरचनात्मक सुधारों में सबसे प्रमुख जी.एस.टी. है। यह टैक्स पर टैक्स और उससे पड़ने वाले दूरगामी प्रभावों को रोकता है। मेरी नज़र में स्वतंत्र भारत के सबसे महत्वपूर्ण संरचनात्मक सुधारों में जी.एस.टी. एक है। उन्होंने ध्यान दिलाया कि 1.5 से 1.7 ट्रिलीयन रूपए प्रतिमाह के जी.एस.टी. कलैक्शन ने कारोबार में प्रभावी वृद्धि की है।

इसके अलावा, दास ने उल्लेख किया कि भारत की खुदरा महंगाई दर कम हो रही है, लेकिन यह कमी शनैः-शनैः हो रही है। रिज़र्व बैंक सजग है क्योंकि मौसम की एक भी मार खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि कर सकती है।

दास ने कहा कि भारत की जी.डी.पी. में पिछले तीन वर्षों में 8.3 प्रतिशत की औसतन वृद्धि रही है।

इसके विपरीत, चीन की अर्थव्यवस्था वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 5.3 प्रतिशत की दर से आगे बढ़ी, जबकि वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही के दौरान बाजार की भविष्यवाणी 5 से 5.2 प्रतिशत आर्थिक वृद्धि की थी। यह बीजिंग के निरन्तर सहयोग उपायों और चन्द नव वर्ष उत्सव से संबंधित व्यय के कारण 2023 की दूसरी तिमाही के बाद से सबसे बड़ा वार्षिक विस्तार था। वर्ष 2024 के प्रथम तिमाही के दौरान स्थिर निवेश 4.5 प्रतिशत बढ़े जो कि करीब एक साल में सर्वाधिक थे और 4.3 प्रतिशत की सर्वसम्मति से अधिक थे।

इस बीच, चीन के नैशनल ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था ने इस वर्ष करीब 5 प्रतिशत की जी.डी.पी. वृद्धि का लक्ष्य रखकर एक अच्छी शुरूआत की है। तथापि, मार्च माह के डेटा से पता चला है कि औद्योगिक उत्पादन और खुदरा बिक्री में अनुमान से कम वृद्धि हुई, यानी कि अर्थव्यवस्था के लिए अधिक नीतिगत सरलताएं लाना लाज़िमी बना हुआ है। इसके साथ ही, चिन्हित बेरोज़गारी दर मार्च माह में 5.2 प्रतिशत पर आ गई जबकि फरवरी माह में यह गत सात महीनों में सर्वाधिक 5.3 प्रतिशत थी। इसमें चन की युवा बेरोज़गारी दर शामिल नहीं है जो जून 2023 में 21.3 प्रतिशत की रिकॉर्ड ऊंचाई पर थी।

## एक्सिस बैंक पर 31,000 रूपए का जुर्माना

जयपुर, 26 जून (का.सं.)। जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर-द्वितीय ने लोन के बदले बैंक में गिरवी रखे संपत्ति के दस्तावेज खोने को गंभीर सेवा दोष माना है। इसके साथ ही आयोग ने एक्सिस बैंक पर 31 हजार रुपए का हर्जाना लगाया है। आयोग ने बैंक को निर्देश दिए हैं कि वह एक माह में परिवादी को संपत्ति के मूल दस्तावेज लौटाए। ऐसा नहीं करने पर बैंक को क्षतिपूर्ति के तौर पर तीस लाख रुपए अदा करने को कहा है। आयोग के अध्यक्ष ग्यारसी लाल मीना व सदस्य हेमलता अग्रवाल ने यह आदेश संगीता शर्मा के परिवाद को मंजूर करते हुए दिए।

आयोग ने कहा कि, बैंक ने परिवादी को मॉरगेज लोन दिया था और उसकी एवज में संपत्ति के दस्तावेज अपने पास बंधक रखे थे, लेकिन लोन की एनओसी जारी करने के बाद

- जिला उपभोक्ता न्यायालय ने लोन के बदले गिरवी रखे गए फ्लैट के दस्तावेज गुम होने को एक्सिस बैंक का गंभीर सेवा दोष माना।

दस्तावेज नहीं लौटाना और खो देना गंभीर है। ऐसे में दस्तावेज खोने से परिवादी को मानसिक आघात लगा है और उसकी क्षतिपूर्ति के लिए विपक्षी से 30 लाख रुपए दिलवाना उचित होगा।

मामले के अनुसार, परिवादी और उसके पति उमेश शर्मा ने 21 फरवरी 2012 को कनकपुरा, सिरसी रोड स्थित अपार्टमेंट में 19.40 लाख रुपए में एक फ्लैट खरीदा था। इस फ्लैट पर उन्होंने बैंक से लोन लिया और उसके दस्तावेज बैंक में जमा करवा दिए। इसके बाद परिवादी लोन की किस्तों का नियमित भुगतान करता रहा। कोविड के दौरान मार्च 2022 में परिवादी के पति का निधन हो गया। जिस पर उसने इंश्योरेंस से प्राप्त क्लेम राशि से लोन की समस्त बकाया राशि चुका दी और बैंक

( शेष पृष्ठ 5 पर )

## नीट पेपर लीक, दो आरोपी सी.बी.आई. को सौंपे

पटना, 26 जून। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की बिहार में पटना स्थित एक विशेष अदालत ने आज नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 के प्रश्न-पत्र

- कोर्ट ने जेल में बंद दोनों अभियुक्तों, बलदेव उर्फ चिंटू तथा मुकेश को 4 जुलाई तक के लिए सी.बी. आई. को रिमांड पर दिया है।

लीक मामले में जेल में बंद दो अभियुक्तों को एक सप्ताह की पुलिस रिमांड पर पूछताछ के लिए सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया।

सीबीआई के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी हर्षवर्धन सिंह की अदालत ने यह आदेश सीबीआई के आवेदन पर सुनवाई के बाद दिया है। विशेष अदालत

( शेष पृष्ठ 5 पर )

# 'एक मिनट के साइलैंस की व्यवस्था के अलावा दो-तीन और घटनाएं भी थीं, जिन्होंने भाईचारे का माहौल खराब किया प्रथम दिन'

## लोकसभा अध्यक्ष ने इन घटनाओं पर सख्ती का रूख रखा, और उन सांसदों को चुप कराया

- अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर ने जब ''उन सांसदों पर कटाक्ष किया, जिन्होंने अपनी ''आइडियोलॉजी'' (राजनीतिक सिद्धांत) को तिलांजलि दी, चुनाव जीतने के लिये, तो, स्पीकर ने उनसे कहा, सदन के प्रथम दिन राजनीतिक टिप्पणी करना उचित नहीं।
- होशियारपुर से निर्वाचित, आप के सांसद राजकुमार खंडेलवाल ने जब यह मुद्दा उठाया कि, विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद नहीं दिया, तो नवनिर्वाचित स्पीकर ने उन्हें बैठने का आदेश दिया।
- श्रीनगर से निर्वाचित सांसद आगा मेहंदी ने जब यह आरोप लगाया कि, संविधान की धारा 370, जो जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देती है, को रद्द करने वाला विधेयक आधे घंटे में पारित कर दिया गया था, लोकसभा में, तो स्पीकर ने सख्ती से उन्हें कहा कि, यह कथन असत्य है, क्योंकि इस मुद्दे पर सदन में नौ घंटे बहस हुई थी और उसके बाद ही बिल पारित हुआ था।

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 26 जून। सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच ओम बिड़ला को स्पीकर बनाने के लिए जो सद्भाव बना था वह क्षणिक ही रहा। नव निर्वाचित स्पीकर ने आपातकाल के दिनों की याद में सांसदों को दो मिनट का मौन रखने का आदेश देकर सारा माहौल बिगाड़ दिया।

इससे पहले एन.डी.ए. के प्रत्याशी ओम बिड़ला को लोकसभा स्पीकर बनाने का प्रस्ताव रखा, जिसे ध्वनिमत से स्वीकार कर लिया गया। बिड़ला के चयन के साथ प्रो-टैम स्पीकर ने कहा कि ''इसी के साथ विपक्ष के प्रत्याशी के.सुरेश की उम्मीदवारी का प्रस्ताव रद्द हो जाता है। मैं ओम बिड़ला को स्पीकर के पद पर निर्वाचित घोषित करता हूँ।''

इसके बाद मोदी और संसदीय कार्यमंत्री किरन रिजिजू सत्ता पक्ष की अग्रिम पंक्ति में बैठे ओम बिड़ला के पास गए इसमें उनके साथ राहुल गाँधी भी थे। राहुल गाँधी ने बिड़ला का अभिवादन किया और प्रधानमंत्री से हाथ मिलाया।

इसके बाद मोदी, राहुल और रिजीजू बिड़ला को आसन तक ले गए जहाँ मेहताब ने उनसे कहा कि यह आपकी कुर्सी है, कृपया इसे ग्रहण करें।

प्रधानमंत्री ने कहा आपका इस पद पर लगातार दूसरी बार निर्वाचित होना सम्मान की बात है। मैं आपको समूचे सदन की तरफ से बधाई देता हूँ, और उम्मीद है कि आगामी साल तक हमे आपका मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि सांसद के रूप में बिड़ला का कार्यकाल नई लोकसभा के सदस्यों के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

मोदी ने कहा, आज़ादी के सत्तर साल में जो काम कभी नहीं हुए वो आपकी अध्यक्षता में इस सदन ने किए। लोकतंत्र की लम्बी यात्रा में कई पड़ाव आए। और कई अवसर ऐसे थे जब हमें मौका मिला, नई इबारत गढ़ने का। मुझे यकीन है कि देश 17वीं लोकसभा की उपलब्धियों पर गर्व करेगा। मोदी ने महिलाओं को आरक्षण देने के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, नए अपराधिक कानूनों, जम्मु कश्मीर पुनर्गठन एवं धारा 370 रद्द करने संबंधी विधेयकों का उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री के बाद राहुल गाँधी बोलने के लिए उठे। उन्होंने बिड़ला को दूसरी बार स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी, और कहा कि उन्हें भरोसा है कि स्पीकर विपक्ष को अपनी आवाज उठाने का अवसर देंगे। मैं आपको समूचे विपक्ष और इंडिया गठबंधन की तरफ से बधाई देता हूँ। स्पीकर सर, यह सदन भारत की जनता की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है और आप इस आवाज़ का अंतिम ज़रिया हैं।

उन्होंने आगे कहा, ''निश्चित रूप से सत्तापक्ष के पास राजनैतिक ताकत है, पर विपक्ष

( शेष पृष्ठ 5 पर )



ईमानदारी से कहूं तो मैं इस बार भारत को हारते हुए नहीं देखता। इंग्लैंड को उन्हें हराने के लिए कुछ असाधारण करने की जरूरत होगी। पेसर जसप्रीत बुमराह की चुनौती कठिन होगी।
- पॉल कॉलिंगवुड

इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज, सेमीफाइनल में भारतीय टीम को मजबूत बताया।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**



### ट्रैविस हेड

**ट्रैविस** हेड ने हाल ही में टी20 वर्ल्ड कप में भारत के खिलाफ 76 रन की शानदार पारी खेलकर सूर्या से नंबर वन का ताज छीन लिया है। इसके बाद अब आईसीसी की टी20 रैंकिंग में हेड नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं। ऑस्ट्रेलियाई बाएं हाथ के बल्लेबाज ने चार स्थानों की छलांग लगाकर टॉप स्थान पर कब्जा जमा लिया है। सूर्यकुमार, फिल साल्ट, बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान सभी एक साथ नीचे गिर गए हैं। साथ ही ये सभी खिलाड़ी टॉप 5 में शामिल हैं। जॉनसन चार्ल्स टॉप दस में एकमात्र नए खिलाड़ी हैं, जो 10वें स्थान पर पहुंचे हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टेस्ट क्रिकेट इतिहास का पहला टेस्ट इंग्लैंड व ऑस्ट्रेलिया के मध्य 1877 में मेलबोर्न में खेला गया था। इसे ऑस्ट्रेलिया ने 45 रन से जीता।

## इंग्लैंड के खिलाफ बदला चुकता करने उतरेगा भारत

### भारत-इंग्लैंड सेमीफाइनल में पड़ सकता है बारिश का खलल

गुयाना, 26 जून। आक्रामक बल्लेबाजी रवैये के साथ भारत गुरुवार को यहां टी20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में जब गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा तो एक दशक से अधिक समय से नॉकआउट चरण में हार के सिलसिले को तोड़ने की कोशिश करेगा। पिछली बार जब ये दोनों टीमें इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भिड़ी थी तो इंग्लैंड ने भारत को 2022 में 10 विकेट से रौंद दिया था। एडिलेड में 10 विकेट की करारी हार के बाद से भारत शीर्ष क्रम में अपने रूढ़िवादी रवैये को छोड़ने में सफल रहा और इस प्रतियोगिता में अब तक अजेय रहा है।

प्रोविडेंस स्टेडियम में संभावित परिस्थितियों को देखते हुए कागजों पर रोहित शर्मा और उनकी टीम मजबूत नजर आती है और बदला चुकता करने के लिए तैयार दिखती है। स्पिनरों ने शुरुआती मैच से ही यहां गेंदबाजी का आनंद लिया है और भारत के कुलदीप यादव और इंग्लैंड के आदिल राशिद जैसे खिलाड़ी नॉकआउट मुकाबले में अपने कौशल का प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे। तेज गेंदबाजों को भी इस मैदान पर सफलता मिली है।



भारत ने सुपर आठ चरण में शानदार प्रदर्शन किया लेकिन सेमीफाइनल के अत्यधिक दबाव में सहज गलतियां हो जाती हैं। शीर्ष क्रम में भारत विराट कोहली के बल्ले से रन की उम्मीद करेगा जिन्होंने अपने उच्च मानकों के अनुसार इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। इसके विपरीत उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान रोहित ने निडर क्रिकेट के मामले में अन्य बल्लेबाजों के लिए मानक स्थापित किया है।

चहल को इस प्रतियोगिता में अब तक एक भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला है और आगे भी ऐसा ही रहने की उम्मीद है क्योंकि भारत के रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और कुलदीप की स्पिन तिकड़ी को ही मौका देने की उम्मीद है। कुलदीप सुपर आठ में टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हुए। जसप्रीत बुमराह शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं और इंग्लैंड को उनके खिलाफ रन बनाने के लिए कुछ खास करना होगा।

हालांकि, इस मैच से पहले खबर है कि बारिश फैंस की उम्मीदों पर पानी फेर सकती है। एक्वावेदर के अनुसार, मैच के दौरान बारिश की संभावना बनी हुई है।

## कपिल देव प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के अध्यक्ष चुने गये

नयी दिल्ली, 26 जून। भारत के महान क्रिकेटर कपिल देव प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) के अध्यक्ष के रुप में अपनी नई पारी की शुरुआत करेंगे। कपिल देव को सर्वसम्मति से प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई) का अध्यक्ष चुना गया है। कपिल देव वर्ष 2021 में बोर्ड सदस्य बने थे और पीजीटीआई के उपाध्यक्ष के रूप में भी काम कर चुके हैं। कपिल एच आर श्रीनिवासन का स्थान लेंगे। एचआर श्रीनिवासन का कार्यकाल समाप्त हो चुका है। अध्यक्ष चुने जाने पर कपिल देव ने कहा कि पीजीटीआई का अध्यक्ष बनना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारतीय प्रो गोल्फर्स पिछले कुछ वर्षों से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। आज हमारे पास सभी बड़े टूर में भारतीय प्रो शामिल हैं और लगातार तीसरी बार ओलंपिक में हमारे दो गोल्फर उतरेंगे। हमारा टूर काफी मजबूत है और हम उम्मीद करते हैं कि अगले कुछ वर्षों में हम और भी मजबूत बनकर उभरेंगे। उल्लेखनीय है कि कपिल देव ने अपनी कप्तानी में 1983 में देश को पहला क्रिकेट विश्वकप जिताया था।



## इंजमाम-उल-हक ने टीम इंडिया पर गेंद से छेड़छाड़ का आरोप लगाया

कराची, 26 जून। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने मौजूदा आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल सुपर 8 मुकाबले के बाद भारतीय टीम पर गंभीर आरोप लगाए। इंजमाम ने आरोप लगाया कि पारी के 15वें ओवर में रिवर्स स्विंग के लिए गेंद बनाई गई थी, जिसे तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने फेंका था। अर्शदीप, जिन्होंने अब तक टूर्नामेंट में भारत के लिए जबरदस्त प्रदर्शन किया है, प्रतियोगिता में पहले ही 15 विकेट अपने नाम कर चुके हैं और अग्रणी विकेट लेने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इंजमाम ने न्यूज 24 पाकिस्तान पर भारत-ऑस्ट्रेलिया मैच की समीक्षा के दौरान ये बात कही। जिस पर पैनल के एक अन्य पूर्व क्रिकेटर सलीम मलिक भी सहमत हुए। उन्होंने कहा कि 15वें ओवर में अर्शदीप सिंह को रिवर्स स्विंग मिल रही थी। अंपायरों को सावधान रहना चाहिए क्योंकि गेंद 15वें ओवर से ही रिवर्स स्विंग करने लगी थी, जिसका मतलब था कि 12वें-13वें ओवर तक गेंद तैयार हो रही थी।



## तनीषा क्रैस्टो पेरिस ओलंपिक में अश्विनी के साथ बनायेगी जोड़ी

नई दिल्ली, 26 जून। पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने के लिए तैयार युवा बैडमिंटन खिलाड़ी तनीषा क्रैस्टो का मानना है कि वह और उनकी महिला युगल जोड़ीदार अश्विनी पोनप्पा दुनिया की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों से मुकाबला करने लायक खेल रखती हैं, लेकिन ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए उन्हें निरंतरता और धैर्य पर और अधिक काम करने की जरूरत है। अश्विनी जो दो बार की ओलंपियन हैं, का अनुभव उन्हें पेरिस खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद करेगा। 20 वर्षीय तनीषा और 34 वर्षीय अश्विनी ने क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में 13वें स्थान पर रहकर पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए जगह बनाई। बैडमिंटन खिलाड़ी तनीषा क्रैस्टो और अश्विनी पोनप्पा दोनों ने दिसंबर 2022 में अपने कोचों के आग्रह पर ही जोड़ी बनाने का फैसला किया था।

## गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैम्पियनशिप से हटे




नई दिल्ली, 26 जून। भारत के गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदर पाल सिंह तूर ने टखने में दर्द के कारण राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेकिटिक्स चैंपियनशिप से बाहर होने का फैसला किया है। गुरुवार से पंचकुला में शुरू हो रही ये प्रतियोगिता आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने का अंतिम मौका है। कुछ दिन पहले तक एशियाई रिकॉर्ड धारक तूर वर्ल्ड रैंकिंग कोटा के जरिए पेरिस खेलों के लिए क्वालिफाई करने की राह पर थे। वह गत एशियाई चैंपियन और एशियाई खेलों के गोल्ड पदक विजेता हैं। हालांकि, अब उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया है। तूर ने पीटीआई को बताया कि अभी उनके टखने में थोड़ा दर्द है जिसकी वजह से डॉक्टर ने सिंह को तीन से चार हफ्तों तक थ्रो नहीं करने की सलाह दी है। भारत के 29 साल के तूर के नाम कुछ समय पहले तक 21.77 मीटर का एशियाई रिकॉर्ड था। सऊदी अरब के मोहम्मद दाओबा तोलो ने 21 जून को मैड्रिड में एस्टाडियो वालेहार्मोसो प्रतियोगिता में 21.80 मीटर के प्रयास के साथ उनके रिकॉर्ड को तोड़ा। ये देखना होगा कि भारतीय एथलेटिक्स महासंघ तूर की नवीनतम समस्या से कैसे निपटता है क्योंकि अधिकारी अभी तक इस बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा दो अगस्त को शुरू होगी।

## वेस्टइंडीज महिला टीम ने टी-20 मैच में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

हम्बनटोटा, 26 जून। एफी फ्लेचर (चार विकेट) उसके बाद हेली मैथ्यूज (29) और स्टेफनी टेलर नाबाद (28) रनों की पारियों के दम पर वेस्टइंडीज की महिला टीम ने दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को वर्षा बाधित मैच में डकवर्थ लुईस पद्धित के तहत पांच गेंदे शेष रहते छह विकेट से हरा दिया है। वेस्टइंडज ने टॉस जीतकर श्रीलंका को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने वर्षा बाधित मुकाबले में नेविशमी गुणरत्ने (24) और कप्तान चमारी अटापट्टू (26) रनों की पारियों के बदौलत 15.2 ओवर में चार विकेट पर 89 का स्कोर बनाया। इमेशा दुलानी (4) और हर्षिता समरविक्रमा (14) रन बनाकर आउट हुये। हसिनी परेरा (4) और कविशा दिलहारी (14) रन बनाकर नाबाद रही। वेस्टइंडीज की ओर एफी फ्लेचर ने 23 रन देकर चार विकेट लिये। 90 रनों के छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज ने हेली मैथ्यूज (29) और स्टेफनी टेलर नाबाद (28) रनों की पारियों के दम 14.1 ओवर में चार विकेट पर 99 रन बनाकर मुकाबला छह विकेट से जीत लिया।



## इतिहास बनाकर फाइनल में प्रवेश के इरादे से उतरेगा अफगानिस्तान

सैनफर्नांडो, 26 जून। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत से उत्साहित अफगानिस्तान टी-20 विश्व कप में गुरुवार सुबह खेलने जाने वाले पहले सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बेहतरीन कौशल का प्रदर्शन के दम पर फाइनल में प्रवेश करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका दूसरी टीम है जो अभी तक एक भी मैच नहीं हारी है तो दूसरी ओर अफगानिस्तान है जिनके लिए इस टूर्नामेंट में सफर किसी सपने के सच होने जैसा रहा है। अफगानिस्तान ने सुपर आठ में ऑस्ट्रेलिया को हराया है इससे उनका मनोबल ऊंचा है और ग्रुप स्तर में अफगानिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका एक बार को मुश्किल में डाल दिया था आखिर में डेविड मिलर ने बेहतरीन पारी खेलकर टीम को जीत दिलाई। अफगानिस्तान ने पहली बार किसी विश्वकप के सेमीफाइनल में जगह बनाई हैं। वेस्टइंडीज की पिचें अफगानिस्तान के गेंदबाजों को रास आ रही हैं तथा वे दक्षिण अफ्रीका को फंसाने का मद्दा रखते हैं।

ऐसा देखा गया है कि दक्षिण अफ्रीका बड़े मुकाबलों में जीत नहीं हासिल कर पाती है। दक्षिण अफ्रीका को अफगानिस्तान के खिलाफ अपने इस चोकर्स का दाग मिटाने का अवसर होगा। हालांकि अफ्रीका को अपने प्रतिद्वंदी अफगानिस्तान को को हल्के में लेने की भूल कतई नहीं करनी चाहिए। टूर्नामेंट में बेहतरीन लय में चल रहे नवीन उल हक ने पावरप्ले स्पिनर की गैर मौजूदगी में अच्छा प्रदर्शन करते हुए फजलहक फारूकी पर दबाव को कम किया है। ट्रेविस हेड को आउट करने वाली उनकी गेंद कमाल की थी, जो लेग स्टंप पर पिच हुई और फरि गिरकर बाहर की ओर निकली और स्टंप्स में जा लगी। यह टूर्नामेंट की बेहतरीन गेंदों में से एक थी। नवीन को धीमी गति की गेंद करने में महारथ है और वेस्टइंडीज की पिचों पर वह डेथ ओवरों में बल्लेबाजों के लिए मुश्किल खड़ी कर रहे हैं।

वहीं हाइनरिक क्लासन ने वर्ष 2023 की शुरुआत से टी-20 क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ 182.12 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इस समूह में क्लासन का स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है। सोमवार को बंगलादेश के खिलाफ मैच में कीपिंग करते समय पहले ओवर में ही रहमानउल्लाह गुरबाज के घुटने में चोट लगी थी और उन्होंने तुरंत मैदान छोड़ दिया था। इसके बाद पूरे मैच में मोहम्मद इशाक ने सब्सटीट्यूट कीपर के तौर पर क्षेत्ररक्षण किया था।

अब यह देखना होगा कि गुरबाज सेमीफाइनल मैच के लिए फिट हैं या नहीं। अगर गुरबाज समय तक ठीक नहीं हो पाते हैं तो अफगानिस्तान हजरतउल्लाह जजई को उनकी जगह शीर्ष पर खिला सकती है और इशाक बतौर कीपर और मध्य क्रम बल्लेबाज के तौर पर खेल सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण अफ्रीका बनाम अफगानिस्तान मैच में बारिश संभावना कम है।

**राजस्थान**

# धौलपुर में एक घंटे में डेढ इंच बरसात हुई, सड़कें बनी दरिया

### बरसात से धौलपुर शहर के मुख्य मार्गों एवं कॉलोनियों में भारी जल भराव हो गया

**धौलपुर, (निसं)।** पिछले कई दिनों के इंतजार के बाद आखिरकार बुधवार शाम को लगभग पूरे धौलपुर जिले में एक घंटे जमकर बरसात हुई। धौलपुर शहर में 65 एमएम (डेढ इंच) बारिश दर्ज की गई। वहीं तेज बरसात के कारण धौलपुर शहर के मुख्य मार्गों एवं कॉलोनियों में भारी जल भराव हो गया, जिससे लोगों को भारी परेशानी को सामना करना पड़ा। बरसात से लोगों को गर्मी से राहत मिली।

मंगलवार को मौसम विभाग ने भी चेतावनी जारी कर बताया था कि अगले 3-4 दिनों में धौलपुर में बरसात होने की संभावना है। ऐसे में बुधवार शाम के समय धौलपुर पर मेघ मेहरबान हो गए और जमकर बरसात हुई। बरसात से धौलपुर शहर के जगन चौराहा, हरदेव नगर, अस्पताल रोड, संतर रोड, गड़रपुरा, पुराना शहर, सैपऊ रोड, आनंद नगर कॉलोनी, गौशाला कॉलोनी, कायस्थ पाड़ा सहित लगभग पूरे शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। जिससे लोगों को भारी परेशानी हुई। बुधवार को बरसात होने से किसानों के चेहरे खिल गए। कृषि वैज्ञानिकों ने अभी किसानों से बुवाई में जल्दबाजी नहीं करने की अपील की है। कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. माधो सिंह मीणा ने बताया कि अभी और बरसात होने की संभावना है। ऐसे में किसान बुबाई में जल्दबाजी न करें और अभी 5 से 7 दिन तक बुवाई नहीं करें।



धौलपुर में बरसात होने से सड़कों पर पानी भरने से वाहन चालक परेशान हुये।

■ **कृषि वैज्ञानिकों ने अभी किसानों से बुवाई में जल्दबाजी नहीं करने की अपील की**

कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर के कृषि मौसम वैज्ञानिक डॉ. माधो सिंह मीणा ने बताया कि बुधवार को धौलपुर में 65 एमएम बारिश दर्ज की गई। उन्होंने बताया कि अभी आगामी 4 दिन 27 से 30 जून तक धौलपुर जिले में कहीं हल्की तो कहीं मध्यम, तो कहीं तेज बरसात होने की संभावना बनी हुई है।

कृषि विज्ञान केंद्र धौलपुर से मिली जानकारी के अनुसार आगामी तीन-चार दिनों में तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जाएगी। जानकारी के अनुसार आगामी तीन-चार दिन में धौलपुर जिले का अधिकतम तापमान उतर कर 31 से 32 डिग्री तक आ सकता है। बुधवार को धौलपुर जिले का अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मंगलवार को धौलपुर जिले का अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री था। 30 जून तक धौलपुर जिले का तापमान उतर कर 31 से 32 डिग्री तक आने की संभावना है।

## बीएसएफ जवान की सैन्य सम्मान से अंत्येष्टि

**फुलेरा, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम माल्यवास निवासी बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) के जवान नानूराम मीणा का शव बुधवार को प्रातः करीब 10 बजे गांव पहुंचने पर सैन्य सम्मान के साथ जवान की अंत्येष्टि की गई। इस दौरान बीएसएफ जवानों की टीम व फुलेरा थाना पुलिस द्वारा जवान को सलामी दी गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जवान नानूराम बीएसएफ की 121 वीं बटालियन में पठानकोट में था। ड्यूटी के दौरान आकस्मिक मौत होने पर शव बुधवार को जवान के पैतृक गांव माल्यावास पहुंचा। जहां फुलेरा थाना पुलिस, तहसीलदार कृष्णा शर्मा सहित कई आसपास के गांवों के मौजूद हजारों लोगों ने श्रद्धांजलि दी। इसके साथ ही भारत माता की जयकारों के बीच जवान को गार्ड ऑफ ऑर्नर देकर अंत्येष्टि की गई।


**कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिकराय (दौसा)**

क्रमांक-लेखा/निविदा/2024/841 दिनांक-21.06.2024

**ई बोली सूचना संख्या 01/2024-25 (दर संविदा)**

इस कार्यालय के नियंत्रण चिकित्सा संस्थानों पर सेवा प्रदाता के माध्यम से मानव संसाधन सेवाएं उपलब्ध करवाने हेतु (अनुमानित राशि 50 लाख) एवं चिकित्सा संस्थानों पर साफ-सफाई सेवाऐं उपलब्ध करवाने हेतु (अनुमानित राशि 60 लाख) के लिए इच्छुक बोलीदाताओं से ऑन लाईन बोली प्रपत्र जमा की अंतिम तिथि दिनांक 01.07.2024 को सायं 6.00 बजे तक ई-बोली आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली प्रपत्र एवं शर्ते http://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://eproc.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN NO.- MHS2425SLRC00723, UBN NO.- MHS2425SLRC00725

ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
सिकराय (दौसा)

DIPR/C/4865/2024


# किशनगढ़ बास में मानसून की पहली बारिश में दुकानों में घुसा पानी

**किशनगढ़ बास, (निसं)।** किशनगढ़ बास में बुधवार दोपहर को हुई मानसून की पहली करीब 50 मिनट की बारिश से एक तरफ जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं दूसरी ओर मुख्य बाजार व गंज रोड की सड़कें पानी से जलमग्न हो गई। दुकानों के अंदर पानी प्रवेश करने से व्यापारियों का भारी नुकसान हुआ है। शहर में पानी की निकासी की अवरुद्ध समस्या का समाधान नहीं हो पाने के कारण व्यापारियों में भारी आक्रोश नजर आया।

जानकारी के अनुसार शहर की पानी निकासी को लेकर करीब 45 लाख रुपए नगर पालिका जोहड़ खाई की सफाई के नाम पर मानसून आने से पहले खर्च कर चुकी है। लेकिन शहर की पानी निकासी की समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। 50 मिनट की बारिश में दुकानों के अंदर पानी प्रवेश करने से चिंता में डूबे व्यापारियों ने कहा यह तो अभी ट्रेलर है बारिश तो अभी होना बाकी है। अगर यही हाल रहा तो आगे आने वाली बारिश में इस से भी ज्यादा व्यापारियों को नुकसान उठाना होगा। नगर पालिका ने वर्ष 2023 में बरसात व गंदे पानी निकासी को लेकर वर्षों पुरानी किले के चारों ओर निर्मित सरकारी खाई व जोहड़ की खुदाई तथा सफाई के लिए प्लान तैयार कर लगभग 55 लाख रुपए में एक अलवर की फर्म के नाम टेंडर छोड़ा गया था। 80 प्रतिशत कार्य को पूर्ण कर ठेकेदार लगभग 43 लाख रुपए के बिल उठा चुका है, जबकि जोहड़ की सफाई और छंटाई का काम आज तक नहीं हुआ है, जबकि जिला कलेक्टर की और से पालिकाओं को मानसून के आने से पहले ही जल भराव की समस्याओं के निदान को लेकर निर्देशित किया जा चुका है। जिला कलेक्टर के निर्देशों के बाद भी नगर पालिका अधिकारी मानसून के आने का इंतजार करते रहे और जोहड़ खाई की सफाई व छंटाई के काम पूरा नहीं कराया।

व्यापारी सतीश गुप्ता ने कहा कि अभी तो मानसून की पहली बारिश का ट्रेलर है। 50 मिनट की बारिश में जब दुकानों के अंदर पानी घुस गया तो आगे और आने वाली मानसून की बारिश बाजार में तबाही कर देगी। व्यापारियों ने बताया कि पानी निकासी के अवरुद्ध रास्तों व गंदे पानी निकासी के नालों पर हो रहे अतिक्रमण को लेकर अनेकों बार एसडीएम नगर पालिका को शिकायत दी जा चुकी है।



किशनगढ़ बास के मानसून की पहली बरसात में ही मुख्य बाजार में पानी भर गया।

## गंगापुर सिटी में झमाझम बारिश

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में बुधवार को एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया। बुधवार शाम करीब पांच बजे से पौन घंटे तक झमाझम बारिश हुई, जिसके बाद सड़कों पर पानी भर गया। वहीं बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट आने से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली। बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिले उठे हैं। किसान खरीफ फसलों बाजरा तिल आदि की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार शाम करीब 4.30 बजे एकाएक मौसम पलट गया। आसमान में काली घटाएं घिर आई। पहले तेज हवाएं चलने लगी। इसके करीब 20 मिनट बाद बूंदाबादी शुरू हो गई। एक बार तो धीमी गति से बारिश होती रही लेकिन इसके बाद तेज गति से बारिश होनी शुरु हो गई। करीब पौन घंटे तक झमाझम बारिश होती रही। पौने पांच बजे से साढे पांच बजे तक यानि पौन घंटे में करीब सवा इंच (31 मिमी) बारिश दर्ज की गई।

## तहसीलदार से पचास हजार रुपये की रिश्वत लेते पत्रकार गिरफ्तार

**जालोर, (कासं)।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी जालोर के एएसपी डॉ. महावीर सिंह राणावत ने बुधवार को जालोर में ट्रेप की कार्रवाई करते हुए पत्रकार मुकेश सुंदेशा को पचास हजार रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी पत्रकार मुकेश कुमार सुंदेशा जालोर में एक समाचार पत्र में कार्यरत है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक पुलिस डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. मुख्यालय को परिवादी तहसीलदार जालोर गेनाराम ने शिकायत इस आशय की दी कि सरकारी कार्य में दलाली कर कमाई करवाने एवं अखबार में खबरें नहीं छापने की एवज में आरोपी मुकेश कुमार सुन्देशा पत्रकार (प्राईवेट व्यक्ति) द्वारा 50 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी उदयपुर (चार्ज जोधपुर रेंज) के उप महानिरीक्षक पुलिस डॉ. रविप्रसाद गोयल के सुपरविजन में ए.सी.बी. जालोर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महावीर सिंह राणावत के नेतृत्व में बुधवार को पुलिस निरीक्षक अरविंद कुमार द्वारा मय टीम के ट्रेप कार्रवाई करते हुए आरोपी मुकेश कुमार सुंदेशा पत्रकार को परिवादी तहसीलदार जालोर गेनाराम से उनके कार्यालय में पचास हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ तथा आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा। आरोपी सुंदेशा को गुरूवार को पाली एसीबी कोर्ट में पेश किया जायेगा।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION BEAWAR**

NO. Date-

**NIB NO.- PWD2425A0300 TO 306**
**Notice Inviting Bid No. 01/2024-25**

Bids for 06 No. Works are invited from interested bidders upto 6.00 PM Thuresday 20 June, 2024. Other particular of the bid may be visited on the procuretnent portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the State, and DIPR departmental website. The approximate value of the procurement is Rs. 199.76 Lacs.

| UBIN NO. | Name of work | Amount |
|---|---|---|
| PWD2425 WSLB01091 | Construction of Non patchable/Missing Link in various roads in Beawar District (Package No. RJ-36-05/ML-NP/2024-25/Beawar) | 177.17 |
| PWD2425 WSLB01092 | Road Repair work during Rainy Season under Jurisdiction of sub Dn. Masuda | 5.00 |
| PWD2425 WSLB01094 | Road Repair work during Rainy Season under Jurisdiction of sub Dn. Badnor | 2.99 |
| PWD2425 WSLB01099 | Road Repair work during Rainy Season under Jurisdiction of sub Dn. Beawar | 4.99 |
| PWD2425 WSLB01100 | Various Maintenance works during Flood and Mansoon Season in Block Raipur | 4.51 |
| PWD2425 WSLB01101 | Various Maintenance works during Flood and Mansoon Season in Block Jaitaran | 5.00 |

DIPR/C/4807/2024

Executive engineer
PWD Division Beawar

**कार्यालय-सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी,**
**राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी, सामान्य चिकित्सालय, करौली**

क्रमांक-रामेरिसो/निविदा/2024-25/110 दिनांक-20.06.2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 12, 13, 15 व 17/2024-25**

कार्यालय सामान्य चिकित्सालय करौली में उपयोग हेतु सर्विस प्रदाता एजेन्सी से वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मुहरबंद ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम एवं शर्ते, स्पेसिफिकेशन, विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र एवं संबंधित दस्तावेज वेबसाईट eproc.rajasthan.gov.in एवं sppp.rajasthan.gov.in पर देखे एवं प्राप्त किए जा सकेंगे।

| निविदा संख्या | सामान/कार्य का विवरण | अनु.लागत (लाखों में) | निविदा प्रपत्र शुल्क | निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | निविदा जमा कराने की अंतिम तिथी एवं समय | निविदा खोलने की तिथी एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12/2024-25 UBN NO. | एक्स-रे/सिटी स्केन सोनोग्राफी फिल्म व जैली सामग्री आपूर्ति MSH2425GLOB00656 | 18.00 | 500 | 30.06.2024 3.00 पी.एम | 30.06.2024 4.30 पी.एम. | 01.07.2024 12.00 पी.एम. |
| 13/2024-25 UBN NO. | प्रयोगशाला सामग्री कैमिकल एवं जांच किट्स एवं ब्लड बैंक सामग्री MSH2425GLOB00657 | 20.00 | 500 | 30.06.2024 3.00 पी.एम. | 30.06.2024 4.30 पी.एम. | 01.07.2024 12.00 पी.एम. |
| 15/2024-25 UBN NO. | सर्जिकल एवं कन्जूमेवल सामग्री डिस्पोजल सिरेन्ज, आईवी सेट्स कैनुला एवं अन्य सामग्री MSH2425GLOB00658 | 15.00 | 500 | 30.06.2024 3.00 पी.एम. | 30.06.2024 4.30 पी.एम. | 02.07.2024 12.00 पी.एम. |
| 17/2024-25 UBN NO. | भेषज एवं ऑषधियाँ (जैनरिक) आपूर्ति MSH2425GLOB00660 | 15.00 | 500 | 30.06.2024 3.00 पी.एम. | 30.06.2024 4.30 पी.एम. | 02.07.2024 12.00 पी.एम. |

नोट-उक्त निविदा दिनांकों में यदि कोई राजकीय अवकाश/अन्य अवकाश, आकस्मिक रूप से घोषित होता है तो उक्त दिवस से सम्बन्धित निविदा कार्यवाही आगामी कार्य दिवस को सम्पन्न की जायेगी।

DIPR/C/4760/2024

सदस्य सचिव एवं प्रमुख चिकित्सा अधिकारी, सामान्य चिकित्सालय, करौली

# बाड़मेर लिग्नाइट माइनिंग कंपनी कराएगी बाड़मेर जैसलमेर हाईवे से प्रभावित गांवों की कनेक्टिविटि

**जयपुर** (का.सं.)। राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम बाड़मेर लिग्नाइट माइनिंग कंपनी द्वारा बाड़मेर-जैसलमेर हाईवे से प्रभावित गांवों के निवासियों को हाईवे से जोड़ने के लिए 96 करोड़ रु. की लागत से वैकल्पिक सड़क मार्ग का निर्माण करवाया जाएगा। यह निर्णय बुधवार को अतिरिक्त मुख्य सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग श्री संदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में लिया गया। श्री संदीप वर्मा ने बताया कि बाड़मेर-जैसलमेर नेशनल हाईवे के कारण जलिपा कपूरडी क्षेत्र के गांववासी प्रोपर कनेक्टिविटि नहीं मिलने के कारण प्रभावित हो रहे थे। उन्होंने बताया कि वैकल्पिक सड़क और कनेक्टिव सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को हाईवे व बेहतर सड़क सुविधाओं से जोड़ा जाएगा।

- **सार्वजनिक निर्माण विभाग के माध्यम से होगा रोड का निर्माण**

खान सचिव व बीएलएमसी की चेयरपर्सन आनन्दी ने बताया कि बाड़मेर लिग्नाइट कारपोरेशन की मार्च माह में आयोजित संचालक मण्डल की 68 वीं बैठक में उनके द्वारा क्षेत्र से गुजर रहे नेशनल हाई वे के कारण प्रभावित गांववासियों को संपर्क सड़क से जोड़ने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। कार्ययोजना के अनुसार बाड़मेर जैसलमेर हाई वे से प्रभावित रोहिली, लाखेटाली, चकढ़ोलक आदि गांवों को जलिपा तक नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए नई रोड़ पर 27 करोड़ और कनेक्टिव रोड़ पर 69 करोड़ रु. कुल 96 करोड़ रु. का व्यय आंका गया ।

आनन्दी ने बताया कि सड़क का निर्माण सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा करवाया जाएगा और उस पर होने वाली 96 करोड़ की राशि बीएलएमसीएल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र के करीब 5 हजार गांववासियों सहित हजारों लोगों को बेहतर रोड़ कनेक्टिविटि मिल सकेगी।

आनन्दी ने बताया कि बीएलएमसीएल द्वारा कपूरडी-जलिपा माइंस से लिग्नाइट का खनन कर पावर प्लांट में विद्युत उत्पादन के लिए उपलब्ध कराया जाता है। इसके साथ ही सामाजिक सरोकार के तहत भी क्षेत्रीय विकास के कार्य किये जा रहे हैं।

बीएलएमसीएल के प्रतिनिधि अनिल सूद ने प्रस्तावित कार्ययोजना की जानकारी देते हुए गतिविधियों की जानकारी दी।

बैठक में पीड्ब्लूडी सचिव, पीड्ब्लूडी के मुख्य अभियंता रोड्स विकास दीक्षित, आरएसएमएमएल सीजीएम अरुण सिंह, प्रतिनिधि असीम अग्रवाल, कंपनी सचिव सौरभ शर्मा आदि ने हिस्सा लिया।



जयपुर शहर में बुधवार को हुई प्री मानसून की छितराई बारिश में सीकर रोड 1 नम्बर से टोडी तक कई जगह घुटनों तक पानी भरा। वहीं रोड नम्बर 2 मुख्य बाजार में भी पानी भर गया।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में मनाया जश्न

**जयपुर**। 18वीं लोकसभा में भाजपा नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष रह चुके कोटा सांसद ओम बिरला को लगातार दूसरी बार स्पीकर चुने जाने पर प्रदेशभर में खुशी का माहौल छा गया। संसद भवन से लोकसभा की कार्यवाही को भाजपा प्रदेश कार्यालय में लाइव किया गया। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया, नाहर सिंह जोधा, प्रदेश मंत्री पींकेश पोरवाल, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक सहित भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाई, वहीं दूसरी ओर भाजपा कार्यालय में आतिशबाजी की गई।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ सभी सांसदों ने कोटा सांसद ओम बिरला को फिर से लोकसभा अध्यक्ष बनाया है इसके लिए प्रधानमंत्री को साधुवाद-धन्यवाद। मुझे विश्वास है कि जिस तरह 17वीं लोकसभा में ओम बिरला ने सदन का संचालन कुशल तौर पर किया था, उससे भी बेहतर तरीके से 18वीं लोकसभा में सदन की कार्यवाही चलेगी। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा ने कहा कि लोकसभा स्पीकर के पद पर लगातार दूसरी बार राजस्थान से सांसद ओम बिरला को चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार।

भाजपा एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कैलाश मेघवाल ने कहा कि कोटा सांसद ओम बिरला का लोकसभा अध्यक्ष बनने से पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है। सदन में विपक्ष भी चाहता था कि योग्य और कार्य कुशल व्यक्ति अध्यक्ष बनें, ऐसे में ओम बिरला को ध्वनिमत से अध्यक्ष बनाना पूरे प्रदेश के साथ देश के लिए गौरव का क्षण है। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाए और आतिशबाजी कर खुशियां व्यक्त की। भाजपा कार्यालय में लोकसभा स्पीकर पद की कार्यवाही को लाइव दिखाया गया। इस दौरान भाजपा सह कोषाध्यक्ष अनिल सिसोदिया, भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ, प्रदेश मीडिया सह संयोजक मेहराज सिंह चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, भाजपा प्रवक्ता नरेंद्र कटारा, पैनेलिस्ट डॉ चेतन प्रकाश राजपुरोहित, महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष अनुराधा माहेश्वरी, युवा मोर्चा शहर जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पुरूवंशी सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिक्षा संकुल में दिलावर ने किया पौधारोपण

**जयपुर**, (का.सं.)। डॉ एस राधाकृष्णन शिक्षा संकुल परिसर में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बुधवार को पौधारोपण कर मानसून का स्वागत किया।

इस अवसर पर शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी वृक्षारोपण किया।

# मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट की

**नई दिल्ली/जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं, सम्पर्क सुविधाओं व रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के विस्तार, आरओबी-आरयूबी निर्माण, रेल लाइनों के दोहरीकरण एवं रेलवे के आधारभूत ढांचों के विकास कार्यों की सौगात पर आभार व्यक्त किया। साथ ही, इन परियोजनाओं के विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह भी किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के राज्य से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक बातचीत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी एवं इस कार्य में केन्द्र सरकार की ओर से मिल रही हर संभव मदद के लिए यादव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे।

# लोकसभा के दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर बिरला को बधाई दी

**जयपुर**। राज्यपाल कलराज मिश्र, विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी.पी.जोशी व ऊर्जामंत्री हीरालाल नागर ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिरला को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

उन्होंने कहा कि यह राजस्थान के लिए गौरव की बात है कि विश्व के सबसे लोकतंत्र वाले राष्ट्र की सबसे बड़ी संवैधानिक सभा में राजस्थान के सांसद ओम बिरला लगातार दूसरी बार अध्यक्ष का पद संभालेंगे। उन्होंने कहा कि बिरला के मार्गदर्शन में लोकतंत्र को मजबूती मिलेगी और भारत तेजी से विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। सत्रहवीं लोकसभा के सदन संचालन में बिडला ने बेहतर भूमिका निभाई थी। इस बार भी बिडला के नेतृत्व में सदन का संचालन कुशलतापूर्वक चलेगा। ओम बिरला का सादा जीवन और विनम्र स्वभाव सभी को आकर्षित करता है। उनकी विशिष्ट कार्यशैली, गहन अनुभव और ज्ञान को देखते हुए एक बार फिर सदन ने उन पर अपना विश्वास व्यक्त किया है।

# सरकारी वकील की उपस्थिति सुनिश्चित क्यों नहीं कर रहे मुख्य सचिव : हाईकोर्ट

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील के उपस्थित नहीं होने को गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही अदालत ने मुख्य सचिव से पूछा है कि वे सरकारी पक्ष के अदालत में उपस्थित होने को सुनिश्चित क्यों नहीं कर रहे हैं। अदालत ने मामले की सुनवाई 27 जून को तय करते हुए सरकारी वकील को पेश होने के निर्देश दिए हैं। जस्टिस अशोक कुमार जैन की अवकाशकालीन एकलपीठ ने यह आदेश भंवर सिंह की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

बिड निरस्त करने के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत की जानकारी में आया कि राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखने के लिए कोई भी सरकारी वकील पेश नहीं हुआ है। इस पर अदालत ने कहा कि यह बडी गंभीर बात है कि सरकार की ओर से अदालत में जानकारी देने के लिए कोई भी वकील उपस्थित नहीं है। ऐसे में इसकी जानकारी मुख्य सचिव के संज्ञान में लाना जरूरी है। गौरतलब है कि इससे पूर्व में अदालत सरकारी वकील की उपस्थिति को लेकर मुख्य सचिव को तलब कर चुकी है। वहीं एक प्रकरण में इसकी जानकारी अदालत ने राज्यपाल को भी भेजी थी।

## झोला बैंक मशीन स्थापित

**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड ने वार्ड नं. 150 जनता स्टोर मार्केट में एक ओर नई पहल की।

डिजायर फाउंडेशन के साथ मिलकर इस झोला बैंक मशीन को वार्ड नं. 150 जनता स्टोर मार्केट में स्थापित किया गया है जिसका उद्घाटन मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड ने किया। उपायुक्त ने सभी दुकानदारों से समझाइश की कि पॉलिथीन का उपयोग ना कर थैले का उपयोग करें।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 8.67 करोड़ रुपये के खादी योग वस्त्र की सप्लाई

**जयपुर**, (का.सं.)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस बार भारत के ग्रामीण क्षेत्र के लाखों खादी कारीगरों के लिए विशेष खुशी लेकर आया। गत 21 जून को मनाए गये अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (केवीआईसी), भारत सरकार ने देशभर की 55 खादी संस्थाओं के माध्यम से अलग-अलग सरकारी विभागों में 8,67,87,380 रुपये की 1,09,022 योग चटाई और 63,700 योग वस्त्रों की बिक्री की। बुधवार को दिल्ली में आंकड़े जारी करते हुए केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'ब्रांड शक्ति' ने भारतीय विरासत योग के साथ-साथ खादी को भी लोकप्रिय बनाया है। ये खादी परिवार के लिए प्रसन्नता की बात है कि इस बार हमारे खादी कारीगरों द्वारा बनाए गये विशेष योग वस्त्रों और चटाई की रिकॉर्ड तोड़ बिक्री हुई है।

मनोज कुमार ने आगे कहा कि खादी से बने योग वस्त्र और चटाइयां सेहत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत लाभदायक है, क्योंकि इसे बिना केमिकल और कम से कम पानी के प्रयोग से बनाया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर खादी योग वस्त्र और चद्दाई की बिक्री इस बात का प्रतीक है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार अपनी विरासत खादी को सहेजन के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के लिए भी दृढ़ संकल्पित है। इससे वोकल फॉर लोकल और आत्मनिर्भर भारत अभियान को भी नयी शक्ति मिलती है।

## 'कांग्रेसी नेताओं की मनोदशा को दर्शाता है उनका बयान'

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कांग्रेसी नेताओं द्वारा दिए जा रहे अमर्यादित बयानों पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेसी नेताओं ने जिस प्रकार से अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करते हुए आचरण दिखाया है वह हमारे प्रदेश के वातावरण के अनुरूप नहीं है। एक प्रदर्शन में कांग्रेसी नेताओं द्वारा जिस प्रकार से प्रदेश सरकार और भाजपा नेताओं के खिलाफ स्तरहीन भाषा का उपयोग किया है वह उनकी मनोदशा को दर्शाता है।

भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि गोविंद सिंह डोटासरा जिस प्रकार से आजकल बयानबाजी कर रहे हैं उससे ऐसा प्रतीत होता है कि वे नेता प्रतिपक्ष नहीं बनाए जाने से अवसाद में हैं। इससे वे हतोत्साह में अनर्गल बयान देकर अपने अवसाद को दूर करने का प्रयास कर रहे हैं और अमर्यादित आचरण कर रहे हैं। गोविंद सिंह डोटासरा के इस तरह के आचरण को प्रदेश की जनता और भाजपा स्वीकार नहीं करेगी।

## सार-समाचार

### नशा मुक्ति की शपथ दिलाई




**जयपुर**, (का.सं.)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग तथा उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संचालित नशामुक्त भारत अभियान के तहत आज राजकीय कन्या महाविद्यालय, किशनपोल, जयपुर में नशामुक्ति दिवस मनाया गया। जिसमें छात्राओं तथा संकाय सदस्यों को नशे से मुक्ति हेतु ई-शपथ दिलवाई गई। जिसमें सभी ने नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया और युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहकर समाज में रचनात्मक भूमिका निभाने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर छात्राओं से नशा विरोधी घोषणा पत्र भी भरवाए गए। सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की।

### युवक से ठगे ढाई लाख

**जयपुर**। विद्याधर नगर थाना इलाके में गाड़ी बेचने के नाम पर एक युवक से ढाई लाख रुपए ठगने का मामला सामने आया है। पीडित ने इस सम्बंध में थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार प्रेम नगर झोटवाड़ा निवासी विजय सिंह चौहान ने मामला दर्ज करवाया कि बिन्नू पिचोलिया और अनुराग सैन ने गाड़ी बेचने के नाम पर उससे कई बार में ढाई लाख रुपए ले लिए। रुपए लेने के बाद भी आरोपी ने उसे गाडी नहीं दी। अब आरोपी रुपए लौटाने से आनाकानी कर रहे है। इस पर पीडित ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया है।

### प्रतापनगर थाने में 28 को जनसुनवाई

**जयपुर**। आमजन में विश्वास और अपराधियों में भय कायम रखने के लिए जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ 28 जून को शाम 4 से रात 8 बजे तक प्रतापनगर थाने में जन सुनवाई करेंगे।जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कैलाश चंद्र विश्नोई, जिले के डीसीपी, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त सांगानेर संबंधित एसएचओ और थाने के अधिकारी गण उपस्थित रहेंगे। इस दौरान वृत क्षेत्र सांगानेर जयपुर (पूर्व) के परिवादियों की जनसुनवाई की जावेगी। जनसुनवाई का उद्देश्य संबंधित क्षेत्र के परिवादियों की समस्याओं का तुरंत निस्तारण करते हुए आमजन को राहत पहुंचाना है। गौरतलब है कि इससे पूर्व पुलिस आयुक्त द्वारा शिप्रापथ (जयपुर दक्षिण), कानोता (जयपुर पूर्व), करधनी (जयपुर पश्चिम), विद्याधरनगर (जयपुर उत्तर), शिवदासपुरा (जयपुर दक्षिण), बगरू (जयपुर पश्चिम) एवं चौमू (जयपुर पश्चिम) थाने में जनसुनवाई कर परिवादियों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया जा चुका है।

### झपट्टा मारकर सोने की चेन तोड़ी

**जयपुर**। अशोक नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक महिला के गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार सरदार पटेल मार्ग निवासी त्रिवेणी राठौड ने मामला दर्ज करवाया कि वह पच्चीस जून को वह बाजार से घर जा रही थी। इसी दौरान बीजेपी कार्यालय के पास पीछे से बाइक सवार बदमाश आया और उसके गले पर झपट्टा मार कर सोने की चेन तोड़कर ले गया। इस अप्रत्याशित घटना में पीडिता कुछ समझ पाती तब तक बदमाश तेज गति से बाइक चलाकर गलियों में ओझल हो गया। इस पर पीडिता ने थाने पहुंच कर मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# औषधि 'थाइरोगिट' पर किया अनुसन्धान विश्व प्रसिद्ध रिसर्च जर्नल में प्रकाशित

- **समकालीन वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को भी पतंजलि के नवीन शोध से मिलेगा लाभ : आचार्य बालकृष्ण**
- **'पतंजलि द्वारा जनमानस को इस रोग से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य से बनाई औषधि'**

**हरिद्वार**। हाइपोथायरोडिज्म दुनिया भर में एक आम बीमारी के रूप में पैर पसार रही है लेकिन इससे हृदय रोग, इनपफर्टिलिटी और बच्चों के मस्तिष्क विकास में बाधा जैसे दुष्प्रभाव उत्पन्न हो रहे हैं।

मॉडर्न चिकित्सा जगत में इस भयावह परन्तु आम बीमारी के लिए मात्रा हार्मोनल रिप्लेसमेंट थेरेपी ही उपलब्ध है या फिर रोगी जीवन पर्यन्त दवाइयां लेने के लिए बाध्य है। पतंजलि द्वारा जनमानस को इस रोग से मुक्ति दिलाने के उद्देश्य के साथ, आयुर्वेद के वृहद और प्राचीन विज्ञान को आधर बना कर हर्बल औषधि थाइरोगिट का निर्माण किया गया। इस औषधि पर किए गए शोध ने यह प्रमाणित किया कि यह औषधि चूहे के भीतर उत्पन्न हाइपोथायरोडिज्म की समस्या को ठीक करने में सक्षम है। आयुर्वेदिक औषधि थायरोग्रिट, हाइपोथायरोडिज्म से प्रभावित गलगण्ड ग्रंथि को रोगमुत्तफ कर इससे होने वाली गुर्दे की हानि को भी समाप्त करती है। पतंजलि के लिए यह गर्व का क्षण है कि यह शोध विश्व प्रतिष्ठित पीयर रिव्युड रिसर्च जनरल, क्लीनिकल फाइटोसाइंस में प्रकाशित हुआ है, समकालीन शोधकर्ताओं को भी नवीन आयुर्वेदिक औषधि अनुसन्धन की जानकारी मिलेगी।

## स्ट्रीट वेन्डर्स ने ली स्वच्छता की शपथ

**जयपुर**। नगर निगम ग्रेटर द्वारा वार्ड संख्या 75 में स्ट्रीट वेन्डर्स के लिए बैठक का आयोजन किया गया। बैठक मे स्ट्रीट वेन्डर्स को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक व पर्यावरण में हानिकारक दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

बैठक में भारती लख्यानी ने स्ट्रीट वेन्डर्स से अपील की कि शहर में स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करे साथ ही सभी स्ट्रीट वेन्डर्स से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े के थैलों का उपयोग करें।

उपायुक्त स्वास्थ्य नवीन भारद्वाज ने स्वच्छता के महत्व पर दुकानदारों तथा स्ट्रीट वेन्डर्स को शहर की स्वच्छता में उनकी भूमिका के बारे में बताया।

# तीन पीढ़ियों ने एक साथ मां के नाम पौधा लगाया

**जयपुर**। विधानसभाअध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को प्रातः अपने राजकीय निवास पर अपनी मां स्वर्गीय सखी देवी के नाम पर अपनी तीन पीढियों के साथ बीलपत्र का पौधा लगाया। देवनानी ने पौधा रोंपने के बाद उसे सींचा और कहा कि इस पुनित कार्य से उन्हें आत्मिक संतोष प्राप्त हुआ है।

उन्होंने कहा कि मां और प्रकृति निःस्वार्थ प्रेम के प्रतीक है। इस अवसर पर देवनानी की धर्मपत्नी इन्दिरा देवनानी, सुपुत्र महेश देवनानी पुत्रवधु अंशु देवनानी और सुपौत्री प्रशिता देवनानी मौजूद रहे।

- **विधानसभाध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उनके पुत्र और पौत्री पौधारोपण के समय मौजूद रहे**

देवनानी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा चलाये गये एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा लगाया और प्रदेशवासियों का आव्हान किया कि सभी लोग इस अभियान में शामिल हो और मां के नाम एक पौधा अवश्य लगायें।

उल्लेखनीय है कि विश्व पर्यावरण दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के बुद्ध जयंती पार्क में पीपल का पौधा लगाया और एक पेड़ मां के नाम अभियान का शुभारंभ किया था। धरती माता द्वारा प्रकृति के पोषण और हमारी माताओं द्वारा मानव जीवन के पोषण के बीच समानता दर्शाते हुए, प्रधानमंत्री ने लोगों से अपनी मां के प्रति प्रेम, आदर और सम्मान के प्रतीक के रूप में एक पेड़ लगाने का आव्हान किया।

## एमडीएमए ड्रग सहित दो सप्लायर गिरफ्तार

**जयपुर**। करणी विहार थाना पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन स्वीप के तहत कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए ड्रग बेच रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 19.7 ग्राम अवैध मादक पदार्थ एमडीएमए ड्रग सहित दुपहिया वाहन भी बरामद किया है।

# देवनानी ने क्षत्रिय युवक संघ के संरक्षक की कुशलक्षेम पूछी



**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बुधवार को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में उपचार ले रहे क्षत्रिय युवक संघ के वर्तमान संरक्षक भगवानसिंह रोलसाहब की कुशलक्षेम पूछी। देवनानी ने सवाईमानसिंह अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी व अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी से उनके उपचार की जानकारी ली और उन्हें शीघ्र स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी।**

## पीएम आवास योजना के 147 लाभार्थियों की किश्त जारी

**जयपुर**। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नगर निगम ग्रेटर के विवेकानन्द सभासद भवन में "लाभार्थी संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आयुक्त रूकमणि रियाड़ द्वारा 147 लाभार्थियों को बटन दबाकर एक साथ किश्त जारी की गई। लाभार्थी संवाद कार्यक्रम में 54 लाथार्थियों को प्रथम किश्त, 15 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त एवं 13 लाभार्थियों को तृतीय किश्त तथा 88 लाभार्थियों को चतुर्थ किश्त का भुगतान किया गया तथा मौके पर आयुक्त एवं डे-एनयूएलएम चैयरमेन द्वारा 5 लाभार्थियों को 30 हजार रूपये के डमी चैक प्रदान किये गये।

इस अवसर पर चैयरमेन अर्चना शर्मा ने कहा कि मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान है। इस योजना के माध्यम से गरीब को रहने के लिये घर मिला है। उन्होंने सभी को शुभकामनाएं भी दी।

आयुक्त रूकमणि रियाड़ ने सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि इस योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो इसके लिये सभी को इस योजना की जानकारी दी जाये तथा जिनके कच्चे मकान है इस योजना के तहत उनके पक्के मकान हो यह सपना भी पूरा किया जायेगा।

## मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक अवैध कब्जे हटाए

**जयपुर**, (का.सं.)। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-पीआरएन-साउथ में मानसरोवर मैट्रो स्टेषन से सांगानेर फ्लाई ओवर तक 200 फीट सेक्टर रोड़ पर किये गये अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाने की कार्यवाही आज से शुरू की गई है, जिसमें से मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से रजत पथ तक करीब 2 कि.मी. तक के एरिया में करीब 140 अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को हटवाया गया।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में उपायुक्त पी.आर.एन. (साउथ), उप नियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-8, 9, 14, पी.आर.एन. (नोर्थ) एवं पीआरएन (साउथ) के सहयोग से मानसरोवर मैट्रो स्टेशन से रजत पथ तक रोड सीमा से करीब 2 किलो मीटर के दायरे में 120 दुकानें/मकानों, 4 मैरिज गार्डन, 16 बाउण्ड्रीवाल, शोरूम, रेस्टोरेन्ट, स्टेक्चर, गोदाम, होर्डिंग-साइन बोर्ड इत्यादि द्वारा किये गये लगभग 140 स्थाई-अस्थाई अवैध कब्जों-अतिक्रमणों को जोन-पी.आर.एन.(साउथ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी, पोकलेण्ड मशीन व लोखण्डा गैस कटर, मजदूरों की सहायता से हटाया जाकर 200 फीट रोड सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया।

# सभी विभाग विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ गति देते हुए पूरा करें : आयुक्त

**भरतपुर ( निस )।** संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों को गति देते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूरा करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यालयों में जनसुनवाई कर परिवादियों को राहत प्रदान करने एवं विभागीय कार्य ई-फाइल के माध्यम से निस्तारित करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त बुधवार को संभागीय आयुक्त सभागार में संभाग स्तरीय प्रशासनिक समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा कराने के लिए विभागीय स्तर पर प्रभावी मॉनिटरिंग की व्यवस्था तय करते हुए कार्यों को गति दें।



संभागीय आयुक्त ने संभागीय आयुक्त सभागार में संभाग स्तरीय प्रशासनिक समिति की बैठक की।

- **सभी अधिकारियों को नियमित रूप से कार्यालयों में जनसुनवाई कर परिवादियों को राहत प्रदान करने एवं विभागीय कार्य ई-फाइल के माध्यम से निस्तारित करने के निर्देश दिये**

उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों में अधिकारी स्वयं निगरानी के साथ निर्धारित समयावधि में पूरा करायें जिससे आमजन को लाभ मिल सके। उन्होंने पेयजल, विद्युत विभाग को समन्वय से कार्य करते हुए ट्यूबवैलों में विद्युत कनेक्शन करने, निर्बाध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने विभागवार समीक्षा करते हुए वन विभाग को सभी जिलों में मांग के अनुसार पौधे उपलब्ध कराने एवं सभी विभागों को प्रत्येक कार्मिक को जिम्मेदारी देते हुए पौधारोपण का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। जलदाय विभाग को उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों को सभी जिलों में गति देने, सार्वजनिक निर्माण विभाग को भवन एवं सड़क निर्माण कार्य गुणवत्ता से कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल संसाधन विभाग सभी जिलों में बांधों एवं नहरों की देखरेख सुनिश्चित करते हुए बांधों के गेट की जांच करने व जलभराव क्षेत्रों में पानी निकासी की व्यवस्था रखने के निर्देश दिये। शिक्षा विभाग को उन्होंने विभागीय योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार करने, संभाग में शिक्षा विभाग के 31 लाख 77 हजार के लक्ष्य को पूरा कर देखभाल की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नामांकन, मिड-डे-मील, पाठ्य पुस्तक वितरण को गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजना के तहत विकास कार्यों के लिए अधिक से अधिक लोगों तक प्रचार-प्रसार कर सहयोग के लिए प्रेंरित करने के निर्देश दिये। संभागीय आयुक्त ने कृषि विभाग को खरीफ सीजन में पर्याप्त खाद व बीज की व्यवस्था रखने, बीज मिनी किट वितरण जरूरतमंदों तक करने के निर्देश दिये। उन्होंने पुशपालन विभाग को गौशालाओं के लम्बित अनुदान को 30 जून तक पूरा कराने, पशुओं में टीकाकरण एवं भेड निष्क्रमण के दौरान की व्यवस्थाऐं सुचारू रखने के निर्देश दिये। सहकारिता विभाग को उन्होंने संभाग के सभी पंचायतों में सोसायटी पंजीयन कराने, किसानों को ऋण वितरण समय पर करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा विभाग को आयुष्मान कार्ड के लक्ष्य पूरे कर सभी अस्पतालों में आयुष्मान हैल्पडेस्क स्थापित करने की बात कही। उन्होंने पर्यटन विकास के तहत लाइट एण्ड साउण्ड शो, बंध बारैठा में चौपाटी सौंदर्यीकरण, किशोरी महल का जीर्णोद्धार, आदिबद्रीनाथ, पूंछरी का लौठा व चौरासी कोस की परिक्रमा के विकास कार्य, धौलपुर के मचकुण्ड व तालाबशाही, करौली के पांचना व महावीर जी में पर्यटन विकास के कार्यों को गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिये।

## नवीन विधियों के संबंध मे संगोष्ठी आयोजित

**करौली ( नि.स. )।** भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को भारत सरकार के द्वारा 25 दिसम्बर 2023 को अधिसूचित कर दिया गया है। उक्त अधिनियम 1 जुलाई 2024 से प्रभावी हो जायेंगे। इस संबंध मे राज्य सरकार के निर्देशों की पालना मे नवीन विधियों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे संगोष्ठी का आयोजन किया गया मास्टर ट्रेनर एवं सहायक अभियोजन अधिकारी निहाल सिंह मीना ने संगोष्ठी मे बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 मे कुल धारा 358, 20 नई धाराओं मे अपराध, 33 धाराओं मे सजा बढाई, 83 धाराओं मे जुर्माना बढाया एवं राजद्रोह जैसे अपराधों को हटाया, कुछ मामलों मे सामुदायिक सेवा को 20 हजार रखा, गैंगरेप जैसे मॉबलिंचिग, संगठित अपराध, आतंकवादी कृत्य, झपटमारी अपराधों को स्थान मिला। इसी प्रकार भारतीय नागरिक सुरक्षा 2023 कुल धारा 531, 39 अध्यायों मे एवं 2 अनुसूची, कुल 177 प्रावधानों मे संशोधन के बारे मे बताया और महानगर क्षेत्र के प्रावधानों को हटाया। भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के कुल अध्याय 12, कुल धारा 170, 4 भागो मे बारे मे बताया गया।

## सार-समाचार

### उप कारागृह का निरिक्षण किया

**गंगापुर सिटी ।** बुधवार को समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने उप कारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर द्वारा बुधवार को उप कारागृह गंगापुर सिटी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान उप कारागृह में साफ-सफाई, बैरकों में पर्याप्त रोशनी एवं हवा की व्यवस्था, भोजन व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, बंदियों को दी जाने वाली विधिक सहायता, प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों से संवाद व पूछताछ, पीने के पानी की सुविधा, रसोई-घर एवं बैरकों की साफ-सफाई आदि के संबंध में जॉच की गई। मौके पर उपस्थित कार्यवाहक जेलर प्रेम सिंह ने बताया कि कारागृह में कुल 7 बैरक है। प्रात:काल कारागृह में कुल 74 बंदी थे, दौराने निरीक्षण कारागृह में कुल 76 बंदी पाये गये। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उप कारागृह में प्रथम बार प्रवेश करने वाले बंदियों से पूछताछ कर नि:शुल्क विधिक सहायता की जानकारी प्रदान की गई। निरीक्षण के दौरान उपस्थित बंदियों को बंदियों के कानूनी अधिकार, बंदीजन एवं विधि से संघर्षरत किशोरों के कल्याण की योजना की जानकारी प्रदान की गई। सचिव समीक्षा गौतम द्वारा कार्यवाहक जेलर प्रेमसिंह एवं अन्य कारागृह स्टाफ को उप कारागृह के बैरकों में रोशनी एवं हवा की पर्याप्त व्यवस्था करने, बैरकों, रसोई घर, शौचालय व अन्य परिसर की साफ-सफाई रखने के निर्देश प्रदान किये। दौराने निरीक्षण पैनल अधिवक्ता माया जैन एवं कारागृह स्टाफ उपस्थित रहे।

### आलुओं से भरा ट्रक पलटा

**धौलपुर, ( निसं )।** राजाखेड़ा-धौलपुर मार्ग पर दिघी गांव के पास मंगलवार बीती रात आलुओं से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। खैरियत रही कि हादसे में किसी भी प्रकार की जन हानि नहीं हुई है। वहीं ट्रक पलटने के कारण उसमें भरे आलू के बोरे सड़क किनारे खेतों में फैल गए बुधवार सुबह मामले की सूचना स्थानीय लोगों को लगी तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। ट्रक ड्राइवर ने बताया कि वह उत्तर प्रदेश के शिकोहाबाद से आलुओं के बोरे ट्रक में लोड कर मुंबई के लिए जा रहा था। मंगलवार रात्रि में राजाखेड़ा धौलपुर मार्ग पर बिजली घर के पास धौलपुर की तरफ से एक तेज रफ्तार ट्रेलर आया, जिसको बचाने के चक्कर में ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।

### लक्ष्मीकांत शर्मा आयोग जोन सदस्य नियुक्त

**भरतपुर ( निस )।** बिजली विभाग के रिटायर्ड अधीक्षण अभियंता लक्ष्मीकांत शर्मा को विद्युत विनिमायक आयोग जोन भरतपुर का सदस्य नियुक्त किया गया। रिटायर्ड एसई लक्ष्मीकांत शर्मा भरतपुर शहर के जाने माने सीनियर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पदमेश शर्मा के भाई हैं। उनके मनोनयन पर भरतपुर में खुशी जताई जा रही है। प्रदेश सरकार के राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग ने एक निर्धारित प्रक्रिया के तहत चयन कर एलके शर्मा रिटायर्ड अधीक्षक अभियंता विद्युत प्रसारण निगम निवासी राजेन्द्र नगर भरतपुर को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए जयपुर डिस्कॉम के भरतपुर जोन के लिए कन्ज्यूमर ठीवेन्स रिडरेसल फोरम का इण्डिपेंडेंट सदस्य नियुक्त किया है। इस फोरम का उददेश्य भरतपुर जोन के एलटी व एचटी उपभोक्ताओं की गलत रीडिंग, बकाया वसूली, आपूर्ति में व्यवधान, वोल्टेज समस्या, सर्विस में कर्मी, नए कनेक्शन में देरी, पुन: कनेक्शन, सम्बद्ध भार में परिवर्तन, कनेक्शन का स्थानान्तरण व अन्य शिकायतों की सुनवाई कर समाधान करना है। भरतपुर जोन के उपभोक्ता शिकायतों के लिए जोनल मुख्य अभियंता जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में आवेदन कर सकते हैं।

## हिंडौन में मानसून की दस्तक, पहली बारिश में बाजार लबालब

**हिंडौन सिटी ।** शहर में बुधवार दोपहर 3 बजे मौसम में बदलाव होने के साथ मानसून की पहली झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को उमस भरे माहौल से राहत मिली। इधर कटरा बाजार में बारिश से जलभराव हो गया। शहर को प्रत्येक आपदा से नगर परिषद कार्यालय परिसर में भी तीन से चार फीट पानी भर गया। क्षेत्र में इस हफ्ते सोमवार से उमस ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी थी। जिसके बाद बारिश का बेसब्री से इंतजार था। क्षेत्र में आज करीब आधे घण्टे बारिश हुई।

जिसके बादपानी की हल्की बौछार से मौसम खुशनुमा हो गया। दोपहर 2 बजे बाद तेज हवाओं का दौर शुरू हुआ और घने बादल छा गए। जिसके बाद कुछ देर उमस बढ़ गई। वही दोपहर 3 बजे बाद झमाझम बारिश ने राहत दी। इस दौरान दोपहर के वक्त ही सड़को पर अंधेरा छा गया। क्षेत्र में रुक रुक कर बारिश होती रही।

वही कटरा बाजार, मनीराम पार्क, शीतला कॉलोनी चौराहे पर सड़को पर पानी भर गया। जिसके बाद लोगो को जलभराव से होकर गुजरना पड़ा। हिंडौन नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष दिनेश चन्द सैनी ने बताया कि आज हिंडौन में पहली बारिश होने पर ही नगर परिषद की लापरवाही आमजन को भोगनी पड़ रही है, जबकि सभी पार्षदों के द्वारा 24 जून को उपजिला कलेक्टर/आयुक्त को अवगत कराया आज कटरा बाजार में व्यापारियों की दुकानों में पानी भर गया और व्यापारी बहुत परेशान हो रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार करने के बाद भी नगर परिषद के भ्रष्ट नेता कोई बाजार के पानी का समाधान नहीं करते हैं। सैनी ने बताया कि पहले भी हिंडौन शहर के व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन किए।

## मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी ।** कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष द्वारा आईपीएस अधिकारी के लिए अमर्यादित टिप्पणी करने पर विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी को ज्ञापन सौप कर कडी कार्रवाही करवाने की मांग की है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नागेश कुमार शर्मा ने बताया कि 2 दिवस पूर्व कोटा में एक सामूहिक सभा मे मंच पर सामूहिक रूप से कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आईपीएस अधिकारी रवि दत्त गौड के लिए बेहद अमर्यादित व असंसदीय शब्दो का प्रयोग करते हुए धमकाया। इस दौरान गोविंद सिंह डोटासरा द्वारा अधिकारी को घुटने के बल चलवाने एवं खाकी की औकात याद दिलाने जैसे अमर्यादित शब्द कहे जो कि कानूनी रूप से भी बेहद गलत व हमारे राजस्थान पुलिस के नौजवानो के मनोबल को तोडने जैसा है। जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नागेश शर्मा ने कडे लहजे में गोविंद सिंह डोटासरा को चेतावनी देते हुए कहा कि या तो वे सार्वजनिक रूप से माफी मांगे नहीं तो सरकार के द्वारा उनके खिलाफ कार्यवाही नही करने पर 36 कौमो को साथ लेकर विशाल प्रदर्शन करने हेतु भी चेतावनी दी। इस दौरान ज्ञापन देने वालो में जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नागेश कुमार शर्मा, संरक्षक निर्मल अमरगढिया, सत्या पंडित, एडवोकेट सतीश शर्मा, देव त्रिवेदी, सचिन पुजारी, सौरभ पुजारी, अभिषेक महंत, गौरव पंडा, बालकृष्ण शर्मा, वैभव शर्मा, पीयूष शर्मा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जिला कलेक्टर को ज्ञापन देते विप्र सेना युवा प्रकोष्ठ कार्यकर्ता।


**कार्यालय नगरपरिषद, करौली ( राज. )**

क्रमांक:-1084-1087 दिनांक: 25-6-2024

**सार्वजनिक/आपत्ती आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण एवं हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुमन शर्मा पत्नी श्री पुष्पेन्द्र भारद्वाज निवासी पोस्ट ऑफिस के पास इन्द्रा कॉलोनी करौली खसरा नं. 499,500 में स्थित भूखण्ड संख्या 03 रकवा 100 वर्गगज पट्टा संख्या 545/2004 का आवासीय से व्यवसायिक भू उपोग परिवर्तन के प्रयोजन हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई हैं।

अत: कोई भी व्यक्ति/संस्था/हितधारक उक्त पत्रावलियों/दस्तावेजों का अवलाकन करना चाहे अथवा कोई आपत्ती प्रस्तुत करना चाहे अथवा आवेदन पत्रावली के सम्बन्ध में कोई जानकारी चाहता हो वह अन्दर अवधि 15योम/दिवस लिखित रूप में अपनी आपत्ति/उज्र इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता हैं, निर्धारित अवधि उपरान्त कोई आपत्ती अन्तर्विष्ट/समाहित नही की जावेगी तथा भू उपयोग परिवर्तन करने की अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जावेगी।

सूचित हो। आयुक्त

नगर परिषद, हिण्डौन


## यात्रियों का जत्था अमरयात्रा रवाना

**कामां ( निस )।** जायंट्स ग्रुप आफ कामवन एवं अपना घर सेवा समिति इकाई कामा के संयुक्त तत्वाधान में वुधवार को 40 यात्रियों का जत्था अमरनाथ यात्रा के भंडारा सेवा में सहयोग प्रदान करने एवं बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए चंद्रकोट भंडारा स्थल के लिए रवाना हुआ।

सभी यात्रियों का जायन्ट्स ग्रुप आफ कामवन एवं अपना घर सेवा समिति के हरि कुम्हेरिया, हर प्रसाद नाटाणी, महेंद्र अरोड़ा, मनोज गंगोरा वाले, गोविंद खंडेलवाल तथा खंडेलवाल समाज कामां के अध्यक्ष बृजेश खंडेलवाल व सचिव शंभुदयाल आकड एवं अन्य सदस्यों ने सभी यात्रियों का दुपट्टा व माला पहनकर तथा चंदन टीका लगाकर सम्मान किया।

## बारिश से बिगड़े हालातों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**धौलपुर।** ऐसा शायद पहली बार देखने में आया है कि कोई प्रशासनिक अधिकारी विपरीत परिस्थितियों में धौलपुर शहर का जायजा लेने निकला हो। लेकिन हम बात कर रहे हैं धौलपुर जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी की, जो बुधवार को हुई तेज बारिश में धौलपुर शहर का जायजा लेने निकल पड़े। कलेक्टर बरसती बरसात के बीच निकले और उन्होंने शहर के विभिन्न मुख्य बाजार और सड़कों का जायजा लिया।

कलेक्टर बीटी जैसे ही हरदेव नगर से जगह तिराहे की ओर घुसे तो उनकी खुद की गाड़ी आधी डूब गई। इस दौरान आसपास भीड़ भी एकत्रित हो गई। जैसे ही नगर परिषद आयुक्त एवं अन्य अधिकारियों को पता चला कि जिला कलेक्टर शहर में हालातों का जायजा लेने के लिए निकले हैं, उनके पास जा पहुंचे। इसके बाद कलेक्टर ने पैरों में चप्पल पहनकर खुद विभिन्न जगह हुए जलभराव और उनसे बिगड़ते हालातों का जायजा लिया। लोगों के दर्दों को देखा सुना और संबंधित अधिकारियों को सख्त से सख्त निर्देश दिए। इस दौरान जिला कलेक्टर बीटी को देखने के लिए काफी संख्या में लोग भी एकत्रित हो गए और उनके बीच में यही चर्चा रही कि शायद धौलपुर का ऐसा पहला जिला कलेक्टर है। जो कि ऐसे हालातो में लोगों के दुख दर्द को जानने और सुनने के लिए भारी बरसात के बीच निकले हैं। लोग आपस में यही फुसफुसा रहे थे कि धौलपुर जिले को ऐसे ही जिला कलेक्टर की जरूरत है। जो लोगों के विपरीत हालातो में उनके दुख दर्द में साथ होता है, उनकी समस्याओं को सुनता है और जल्द से जल्द समाधान करने की सोचता है।



- **कलेक्टर बीटी जैसे ही हरदेव नगर से जगह तिराहे की ओर घुसे तो उनकी खुद की गाड़ी आधी डूब गई**

## मोटरसाईकिल चोर गिरफ्तार

**करौली( नि.स. )।** करौली कोतवाली पुलिस ने दो अलग-अलग कार्यवाहियो में एक मोटरसाईकिल चोर सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने करीब 2 साल से मोटरसाईकिल चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी रामअवतार मीणा को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार धारदार छुरा लेकर घूमते एक अन्य बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। करौली थाना अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने टीम गठित कर अपराधियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया है। अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने शिकारगंज क्षेत्र से वर्ष 2022 में चोरी हुई मोटरसाईकिल के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।


**कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सपोटरा ( करौली )**

क्रमांक:-सीबीईआ/सपोटरा/609 दिनांक-25.06.2024

**निविदा सूचना**

सीबीईओ कार्यालय सपोटरा हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 में मासिक किराये पर वाहन अनुबन्धित करने हेतु दिनांक 01.07.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक निविदायं आमंत्रित की जाती है। निविदा की शर्तें कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।

UBN Number:- RSE2425SS0B00293

मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी

पं.स. सपोटरा जिला-करौली



**कार्यालय नगर निगम, भरतपुर**

क्रमांक : पट्टा शा०/न.नि.भ./2024-25/4303 दिनांक : 25.06.24

**सार्वजनिक सूचना**

आवेदक श्री करनैल सिंह पुत्र श्री सन्ता सिंह, निवासी कंकड वाली कुईया, भरतपुर द्वारा कच्ची बस्ती अन्तर्ग जारी पट्टा क्रमांक 581 दिनांक 02.10.2000 का नाम हस्तान्तरण कराने हेतु प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है। नगर परिषद भरतपुर द्वारा कच्ची बस्ती के अन्तर्गत पट्टा क्रमांक/न.प.भ./581/नियमन/आवंटन/1999 दिनांक 02.10.2000 श्रीमती सेवा कौर उर्फ साहिबा कौर पत्नि श्री सन्तोसिंह, निवासी कंकड़ वाली कुईया भरतपुर के नाम क्षेत्रफल 140.51 वर्गमीटर का जारी किया गया था। उक्त पट्टे को उप पंजीयक कार्यालय में दिनांक 08.11.2017 को क्रम सं. 201703098106262 पर पंजीकृत करा लिया गया। पट्टाधारक श्रीमती संतो कौर उर्फ साहिबा कौर द्वारा अपने जीवन काल में उक्त पट्टाशुदा सम्पत्ति पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 28.08.2015 से पुत्र श्री करनैल सिंह पुत्र सन्ता सिंह उर्फ सन्तो सिंह के हक में कर दिया गया। तदोपरान्त पट्टाधारक श्रीमती सेवा कौर उर्फ साहिबाकौर की मृत्यु दिनांक 12.10.2019 को हो जाने पर अब आवेदक श्री करनैल सिंह पुत्र श्री सन्ता सिंह उर्फ सन्तो सिंह द्वारा उक्त कच्ची बस्ती के पट्टा क्रमांक 581 दिनांक 02.10.2000 को जारी पट्टे का नाम हस्तान्तरण कराने हेतु पंजीकृत वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत की है। जिस पर निगम द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जानी है।

उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई अपत्ति हो तो अन्दर अवधि सात दिवस में अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित इस कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा कच्ची बस्ती के तहत् जारी पट्टे का नाम हस्तान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

प्रभारी अधिकारी

नगर निगम, भरतपुर


## 138 बदमाशों को गिरफ्तार किया

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी जिले में विशेष अभियान चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामलों में कुल 138 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर पुलिस की कुल 4० टीमों का गठन किया गया।

भरतपुर पुलिस महानिरीक्षक के एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के निर्देश पर गंगापुर सिटी एएसपी राकेश राजौरा, गंगापुर सिटी पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार, टोडाभीम के मुरारीलाल और बामनवास के संतराम मीणा के सुपरविजन में जिला गंगापुर सिटी पुलिस की ओर से कुल 4० टीमें गठित की गई। टीम में कुल 18० अधिकारी और कर्मचारियों ने 158 स्थानों पर दबिश देकर एरिया डोमिनेशन विशेष अभियान के तहत अलग-अलग कार्रवाई की।

इनमें आर्म्स एक्ट में 1, एक्साइज एक्ट में 6, इनामी अपराधी 4, वांछित अपराधी 8, स्थाई वारंटी 3, गिरफ्तार वारंटी 18, हार्डकोर 1, हिस्ट्रीशीटर अपराधी 11, 13 आरपीजीओ, आरएनसी एक्ट, एमएमडीआर एक्ट और 185 एमवी एक्ट में 9, 151 सीआरपीसी में 77 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। अलग-अलग थानों की ओर से कुल 14० कार्रवाई कर 138 बदमाशों को गिरफ्तार किया गया।

## सीजन की पहली बारिश ने खोली आपदा प्रबंधन की पोल

**करौली( नि.स. )।** मौसम की मात्र 20 मिनट की बारिश ने नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन की पोल खोल दी कई कॉलोनी में बरसाती पानी जमा होने से लोगों का निकलना दूभर हो गया।

बुधवार को घने बादलों के बीच मौसम की पहली बरसात मात्र 20 मिनट आई लेकिन उस 20 मिनट की बारिश ने नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन की आपदा प्रबंधन कि तैयारी की पोल खोल कर रख दी। मौसम की बरसात आने से जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के अलावा नगर परिषद प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन से जुड़े सभी विभागों के अधिकारियों की जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई जिस बैठक में मौसम की बरसात से होने वाली आपदाओं से निपटने के लिए मौसम की बरसात से पूर्व तैयारी के निर्देश दिए गए लेकिन बुधवार को मौसम की महज 20 मिनट लगातार आई बारिश ने नगर परिषद प्रशासन, जिला प्रशासन सहित आपदा प्रबंधन से जुडे सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी की तैयारी की पोल खोल कर रख दी। कई कॉलोनी के प्रमुख रास्तों में बरसाती पानी जमा होने से कॉलोनी वासियों को निकालना दुर्भर हो गया उदाहरण के तौर पर करौली जिला मुख्यालय स्थित शहर की सबसे बड़ी विवेक विहार कॉलोनी के प्रमुख रास्ते महेरा टेंट हाउस के पास से निकल रहे प्रमुख रास्ता बरसाती पानी से लबालब हो गया जिस बरसाती पानी का निकास का रास्ता नगर परिषद प्रशासन निकालने का कोई विकल्प नहीं देखा ना ही कोई रास्ता निकाला 8 वर्षों से कॉलोनी वासी इस प्रमुख रास्ते से बहुत परेशान होते चले आ रहे हैं पूर्व में कई बार जिला प्रशासन के अधिकारियों को भी इस मामले में कॉलोनी वासी अवगत करा चुके हैं लेकिन किसी ने गंभीरता से नहीं लिया वर्ष 2015-16 में तो विवेक विहार कॉलोनी पूरी जलमग्न होती देखी गई और करीब दो दर्जन से अधिक मकानो में पानी भरने से मकानो में दरार आ गई उसी कॉलोनी मे आज भी बरसाती पानी निकालने का कोई रास्ता नहीं होने से लोगों को चिंता सताने लगी है की नगर परिषद और जिला प्रशासन ने बरसाती पानी निकालने का कोई रास्ता नहीं ढूंढा है नगर परिषद और जिला प्रशासन ने यदि बरसात के दौर चलने से पूर्व ही पानी निकलने का कॉलोनी से कोई रास्ता नहीं ढूंढा तो शहर की सबसे बडी कॉलोनी के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करने के लिए विवश होना पड़ेगा।

- **20 मिनट की बारिश ने नगर परिषद प्रशासन और जिला प्रशासन की आपदा प्रबंधन कि तैयारी की पोल खोल कर रख दी**



करौली शहर की विवेक बिहार कॉलोनी के रास्ते मे बरसाती पानी भरने से लोगो को होती है परेशानी।

## सर्प के काटने से 16 वर्षीय बालिका की मौत

**धौलपुर।** धौलपुर जिले के सरमथुरा थाना क्षेत्र के भिंडीपुरा गांव में घर में सोई एक 16 वर्षीय बालिका की सर्प के काटने से मौत हो गई। घटना के बाद परिजन बालिका को लेकर पहले सरमथुरा अस्पताल पहुंचे। जहां से बालिका को गंभीर हालत में जिला अस्पताल बाड़ी रेफर किया गया। बाड़ी अस्पताल में आई बेसुध बालिका को डॉ. विजय भारद्वाज और विवेक अग्रवाल के साथ नर्सिंग अधिकारी नरेश मीणा, गीता कुमारी और सोनू मीणा की टीम ने बचाने का पूरा प्रयास किया। लेकिन देर होने के चलते बालिका को बचाया नहीं जा सका। ऐसे में मृत घोषित किये जाने पर परिजन बालिका के शव को बिना पोस्टमार्टम के ही अस्पताल से लेकर घर चले गए।

बाड़ी अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरकिशन मंगल ने बताया कि बुधवार दोपहर में सरमथुरा के भिंडी पुरा क्षेत्र की 16 वर्षीय बालिका वर्षा पुत्री दिनेश प्रजापति को बाड़ी अस्पताल लाया गया था। जो सर्पदंश का शिकार हुई थी। ऐसे में बालिका के उपचार के लिए चिकित्सकों ने पूरा प्रयास किया। लेकिन लाने में देर होने के चलते बालिका को बचाया नहीं जा सका। बालिका के साथ आए परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 5 बजे घर में बालिका कमरे में सोई हुई थी। जहां आए काले सांप ने उसे डस लिया।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गेरई,**

पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-SPI-8 दिनांक: 26.06.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-25**

ग्राम पंचायत गेरई पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत र्मिाण कार्यो के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच — ग्राम पंचायत गेरई — पंचायत समिति करौली, जिला करौली

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत गेरई — पंचायत समिति करौली, जिला करौली



**कार्यालय ग्राम पंचायत तुलसीपुरा,**

पंचायत समिति करौली जिला करौली

क्रमांक:-SPI-8 दिनांक: 26.06.2024

**ई-निविदा सूचना 01/2024-25**

ग्राम पंचायत तुलसीपुरा पं.स. करौली की महात्मा गांधी नरेगा व ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए स्वीकृत र्मिाण कार्यो के लिए अनुसांगिक सामग्री आपूर्ति/उपकरण व्यवस्था हेतु वाणिज्यक कर विभाग में जी.एस.टी. अधिनियम 2017 के तहत पंजीकृत एवं अनुभवली फर्मो/सप्लायर्स/इच्छुक बोनाफाइड विनिर्माता/थोक विक्रेता/प्राधिकृत डीलर/सोल विक्रेता/विपण एजेन्टो से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए दर अनुबन्ध करने के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती हैं। ई-निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

सरपंच — ग्राम पंचायत तुलसीपुरा — पंचायत समिति करौली, जिला करौली

ग्राम विकास अधिकारी — ग्राम पंचायत तुलसीपुरा — पंचायत समिति करौली, जिला करौली

# 'नीट और अन्य परीक्षाएं कैंसल होना सिस्टमैटिक फेलियर'

## कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने कहा, नीट पेपर लीक और अन्य परीक्षाएं रद्द होने से लाखों नौजवानों को सदमा लगा है

जयपुर, 26 जून (का.प्र.)। नीट परीक्षा और केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग सहित अन्य मुद्दों को लेकर जयपुर में मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि, नीट धांधली देश का सबसे बड़ा मुद्दा है। नीट पेपर लीक और परीक्षा विवादित होने के कारण लाखों करोड़ों नौजवानों को सदमा लगा है।

- **पायलट ने राहुल गांधी के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने का स्वागत किया और कहा कि, इससे इंडिया गठबंधन में ऊर्जा का संचार हुआ है।**
- **पायलट ने ओम बिड़ला को स्पीकर बनने पर बधाई दी और कहा कि, उम्मीद है कि, वे विपक्ष को भी बोलने का मौका देंगे।**
- **पायलट ने कहा, राजस्थान के भी हाल ठीक नहीं हैं। सरकार विपक्षी नेताओं पर कार्यवाही कर रही है, ऐसा कभी नहीं हुआ।**

पायलट ने कहा कि, परीक्षा प्रणाली पर जो विश्वास है, उस पर सवाल खड़ा हुआ है। केंद्र सरकार ने शुरू में अड़ियल रवैया अपनाया था, उन्हें अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी। जिस तरह से लीपा पोती कर बचाव करने का काम हो रहा है, वो शोभा नहीं देता है। लगातार लोगों में भ्रम फैल रहा है कि, हमारा भविष्य सुरक्षित नहीं है। आजाद भारत के इतिहास में आज सबसे ज्यादा शिक्षित बेरोजगार हैं। इसका समाधान ढूंढ ने के लिए सरकार को काम करना चाहिए। यह सरकार वो है जो चुनाव जीतने से पहले, काम करने से पहले 100 दिन की कार्य योजना बना रही थी और ओवर कॉन्फिडेंस में काम कर रही थी, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण नौजवान हैं। उन्हें लेकर सरकार को पूरी कार्रवाई करनी चाहिए, जो लोग जिम्मेदार हैं, उनका बचाव नहीं होना चाहिए।

पायलट ने परीक्षाओं को लेकर कहा कि, नीट और बाकी परीक्षाओं को जो कैन्सल किया गया है, यह प्रतीक है कि यह सिस्टमैटिक फेलियर है। 10 साल तक सरकार सत्ता में रही भाषण दिए युवाओं के नाम पर वोट भी लिया, परीक्षा पर चर्चा, चाय पर चर्चा चलाई लेकिन युवाओं का जो विश्वास डगमगाया है, उसको बनाए रखना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है।

राजस्थान में भाजपा सरकार को लेकर पायलट बोले कि, राजस्थान के जो हाल बने हुए हैं वो ठीक नहीं हैं। बिजली पानी के जो हालात हमें दिखते हैं, मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करवाने में सरकार नाकामयाब है। हम उपचुनाव मजबूती से लड़ेंगे। कोटा में जिस तरह कार्रवाई हुई है, कांग्रेस ने अनुमति लेने के बाद अपना आंदोलन किया, बिजली पानी के लिए आंदोलन था, बजाय इसके कि जनता को राहत दें, बल्कि नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश अध्यक्ष पर कार्रवाई करना, यह गलत है। हमने आंदोलन के जरिए जो बात रखी ,उस पर संज्ञान लेकर सरकार को सुविधा देने का काम करना चाहिए। सुविधा की जगह सरकार विपक्षियों पर कार्रवाई करे, राजस्थान में कभी ऐसा माहौल नहीं रहा है। यह सरकार के काम करने के तरीके पर सवालिया निशान है।

लोकसभा स्पीकर को लेकर पायलट ने कहा, स्पीकर को बधाई दी गई, तो कहा गया कि एक दिन में 147 सांसदों को निलंबित किया गया, वो इतिहास के लिए काला दिवस था। हम लोगों को संविधान को लोकतांत्रिक परंपराओं को और जो प्रोसीजर है उसको सबसे ऊपर रखते हैं। उम्मीद है,इस कार्यकाल में वैसी कोई घटना नहीं होगी। विपक्ष को बोलने का मौका दिया जाएगा।

पायलट बोले कि, परंपरा यह है कि अगर सत्ता पक्ष का स्पीकर बनता है, तो डिप्टी स्पीकर विपक्ष को मिलता है। हमारी सरकार के समय डिप्टी स्पीकर विपक्ष का था। हमारे समय पर स्वच्छ परंपरा के तहत ऐसा हुआ है।

राहुल गांधी के नेता प्रतिपक्ष बनने को लेकर पायलट बोले कि, इससे न केवल कांग्रेस, बल्कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ इंडिया अलायंस में ऊर्जा का संचार हुआ है। राहुल गांधी ने लगातार सरकार को चुनौती दी है। संसद के अंदर और संसद के बाहर लोगों की आवाज बने हैं। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष बने हैं तो विपक्ष की उम्मीदें बढ़ी हैं। लाखों करोड़ों लोगों ने इंडिया अलायंस को वोट डाला था, उनको उम्मीद बनी है कि, अब राहुल गांधी सच की लड़ाई लड़ने का काम करेंगे।

## केजरीवाल 3 दिनों की सी.बी.आई. हिरासत में

नयी दिल्ली, 26 जून। कथित आबकारी नीति घोटाला मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की एक विशेष अदालत ने बुधवार को तीन दिनों के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की हिरासत में भेजने का आदेश पारित किया।

राऊज़ एवेन्यू स्थित अवकाशकालीन विशेष न्यायाधीश अमिताभ रावत की अदालत के समक्ष सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ के लिए उनकी पांच दिनों की हिरासत की गुहार लगाई थी।

- **दिल्ली की विशेष अदालत ने मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आबकारी नीति घोटाले में सी.बी. आई. के सुपुर्द किया।**

सीबीआई ने धन शोधन के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की गिरफ्तारी के बाद तिहाड़ जेल में न्यायिक हिरासत में बंद केजरीवाल से मंगलवार को पूछताछ की थी। अदालती आदेश पर पूछताछ के लिए आज उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर कड़ी सुरक्षा के बीच अदालत में पेश किया गया।

# मु.मंत्री ने बिड़ला को स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी

नई दिल्ली/जयपुर, 26 जून (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर ओम बिड़ला को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि, बिरला के विस्तृत संसदीय ज्ञान एवं कुशल कार्यप्रणाली का लाभ सदन के समस्त सम्मानित सदस्यों को पूर्व की भांति प्राप्त होगा। बिरला का दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुना जाना राजस्थान के लिए गौरव का क्षण है।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल ने ओम बिड़ला के दो बार स्पीकर बनने को राजस्थान के लिए गौरव का क्षण बताया।**
- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए आपातकाल के खिलाफ लोकसभा में रखे गए प्रस्ताव का समर्थन किया।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ओम बिड़ला के दूसरी बार स्पीकर पद पर चुने जाने पर हार्दिक बधाई दी।*

उनका यह कार्यकाल भी उल्लेखनीय उपलब्धियों से परिपूर्ण होगा।

शर्मा ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 25 जून, 1975 को देश में लगाए गए आपातकाल के विरूद्ध बुधवार को लोकसभा में आया प्रस्ताव स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि, तत्कालीन सरकार द्वारा देश के नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए थे। लोकसभा में इस प्रस्ताव के जरिए दमन और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष को सम्मान मिला है।

# तमिलनाडु त्रासदी में मरने वालों की संख्या बढ़ कर 63 हुई

## 74 पीड़ितों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई

चेन्नई, 26 जून। तमिलनाडु के कल्लकुरिची जिले में जहरीली शराब त्रासदी में बुधवार को तीन और लोगों की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़ कर 63 हो गयी तथा 74 पीड़ितों को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने अपनी जांच शुरू कर दी है। यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आज सुबह सलेम के सरकारी मोहन कुमारमंगलम मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा पुडुचेरी के जेआईपीएमईआर में मौतों की सूचना मिली।

- **राष्ट्रीय महिला आयोग ने घटना पर स्वतः संज्ञान लेकर अपने स्तर पर जांच शुरू कर दी।**

प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार सरकारी कल्लकुरिची मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 32 लोगों की मौत हुई, जबकि सलेम सरकारी अस्पताल में 22, सरकारी विल्लुपुरम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में चार और जेआईपीएमईआर में पांच लोगों की मौत हुई। तीन महिलाओं समेत कुल 88 लोगों का अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दो महिलाओं और एक ट्रांसजेंडर समेत कुल 74 लोगों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गयी है। इस त्रासदी के सिलसिले में अब तक कुल 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मीडिया रिपोर्टों के आधार पर घटना का स्वत: संज्ञान लिया है और राज्य सरकार को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है तथा मामले की जांच के लिए आयोग की सदस्य एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता खुशबू सुंदर को नियुक्त किया है।

## कश्मीर में सेना की संयुक्त कार्यवाही में तीन आतंकी मरे

जम्मू, 26 जून। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में बुधवार को सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। नगरोटा (जम्मू) स्थित व्हाइट नाइट कोर (16 कोर) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि भारतीय सेना और स्थानीय पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में तीन कट्टर आतंकवादियों को मार गिराया। पोस्ट में आगे कहा गया कि, स्वचालित असॉल्ट राइफलों सहित बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। ऑपरेशन अभी जारी है। इस बीच ज़ोनल पुलिस जम्मू के पुलिस प्रवक्ता ने एक आतंकवादी के खात्मे के बारे में आधिकारिक जानकारी साझा करने के बाद कहा कि, जिला डोडा के गंदोह, भद्रवाह सेक्टर में चल रहे संयुक्त अभियान में दो और आतंकवादियों को मार गिराया गया है।

# तमिलनाडु विधानसभा में जात आधारित जनगणना का प्रस्ताव पारित

चेन्नई, 26 जून। तमिलनाडु विधानसभा ने बुधवार को एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें केंद्र से जनगणना और जाति आधारित जनगणना तत्काल कराने का आग्रह किया गया, ताकि देश के नागरिकों को समान अधिकार, शिक्षा, अर्थव्यवस्था और नौकरियों में समान अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कझगम (द्रमुक) अध्यक्ष एम के स्टालिन की ओर से पेश किए गए प्रस्ताव को सर्वसम्मति से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

- **तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन की ओर से पेश प्रस्ताव को विधानसभा में सर्वसम्मति से ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।**
- **स्टालिन ने कहा, समाज तभी विकसित अर्थव्यवस्था बन सकता है जब सभी वर्गों को शिक्षा व नौकरी में समान अवसर मिले।**

स्टालिन ने प्रस्ताव पेश करते हुए कहा, यह सदन मानता है कि भारत के प्रत्येक नागरिक को शिक्षा, अर्थव्यवस्था और रोजगार में समान अधिकार और समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए नीतियां बनाने के वास्ते जाति आधारित जनगणना आवश्यक है। इसलिए यह सदन सर्वसम्मति से केंद्र सरकार से जनसंख्या जनगणना कार्य तत्काल शुरू करने का आग्रह करता है।

सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए स्टालिन ने कहा कि, समाज तभी सही मायने में विकसित अर्थव्यवस्था में तब्दील हो सकता है, जब उसके सभी वर्गों के लिए शिक्षा और नौकरियों में समान अधिकार और अवसर सुनिश्चित किए जाएं।

द्रमुक के इस रुख को मजबूती से दोहराते हुए कि, राष्ट्रव्यापी जाति आधारित जनगणना अवश्य की जानी चाहिए, उन्होंने कहा कि दशकीय जनसंख्या जनगणना , ब्रिटिश शासन के समय से ही जनगणना अधिनियम 1948 के तहत केंद्र सरकार द्वारा की जाने वाली एक विस्तृत 100 साल पुरानी प्रक्रिया है।

जनगणना अधिनियम के नियम 3 के अनुसार, केवल केंद्र सरकार को ही जनगणना करानी चाहिए, लेकिन सार्वजनिक रूप से इस बात पर बहस हो रही है कि राज्य सरकार सांख्यिकी संग्रह अधिनियम 2008 के तहत जाति जनगणना कर सकती है।

उन्होंने कहा कि 2008 का अधिनियम केवल राज्यों को सामाजिक-आर्थिक आंकड़े एकत्र करने की अनुमति देता है, लेकिन उसी अधिनियम की धारा 3 (ए) राज्यों को भारत के संविधान की अनुसूची 7 में उल्लिखित विषयों से संबंधित आंकड़े एकत्र करने से रोकती है, उन्होंने कहा कि जनसंख्या जनगणना को 7वीं अनुसूची के 69वें विषय के रूप में संहिताबद्ध किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा, कानूनी रूप से वैध जनगणना केवल जनगणना अधिनियम 1948 के तहत ही की जानी चाहिए, जो एक केंद्रीय अधिनियम है। इसलिए, हम आग्रह कर रहे हैं कि केवल केंद्र सरकार द्वारा जनगणना करना उचित होगा।

## जे.डी.ए...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताया कि, हाईकोर्ट की खंडपीठ ने 30 जुलाई 2021 को एक जनहित याचिका में आदेश जारी करते हुए मानसरोवर मेट्रो स्टेशन से रीको कांटा तक सड़क की चौड़ाई बढाने को कहा था। खंडपीठ ने सड़क की चौड़ाई के बीच आने वाले अतिक्रमणों पर भी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

याचिका में कहा गया कि, खंडपीठ के इस आदेश की पालना में जेडीए सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

इस दौरान जेडीए ने याचिकाकर्ताओं को 19 जून 2024 को धारा 72 का नोटिस दिया। जेडीए की इस कार्रवाई को हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए कहा गया कि केवल सरकारी जमीन पर अतिक्रमण के मामले में ही धारा 72 के तहत नोटिस दिया जा सकता है। जबकि याचिकाकर्ताओं की जमीन निजी खातेदारी की है।

इसके अलावा उनके पास निजी सोसायटी के पट्टे हैं। ऐसे में उन्हें धारा 72 के तहत नोटिस नहीं दिए जा सकते। खंडपीठ ने अतिक्रमियों पर कार्रवाई करने को कहा था, जबकि याचिकाकर्ता अतिक्रमियों की परिभाषा में नहीं आते हैं। ऐसे में उनके निर्माणों को नहीं तोड़ा जाए। जिस मामले पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने जेडीए को याचिकाकर्ताओं के निर्माण तोड़ने पर रोक लगाते हुए जेडीए को जवाब पेश करने को कहा है।

## कन्हैया ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

व मो.गौस का पीछा करके उन्हें पकड़ा। बाद में पुलिस टीम ने दोनों आरोपियों को पुलिस के आला अफसरों को सौंप दिया।

गौरतलब है कि पिछली सुनवाई पर कन्हैयालाल के बेटे के बयान दर्ज हुए थे। उसने बयानों में कहा था कि, उसके पिता को मारने वाले आरोपियों के तार पाक से जुड़े हुए हैं। घटना वाले दिन उसे फोन पर सूचना मिली थी कि, दो लड़कों ने उसके पिता की हत्या कर दी है। वह दुकान पर पहुंचा तो पिता कन्हैयालाल खून में लथपथ मिले।

गौरतलब है कि, 28 जून, 2022 को आरोपियों ने हत्याकांड को अंजाम देकर उसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। मामले में एनआईए ने जांच करते हुए रियाज अत्तारी और गौस मोहम्मद सहित अन्य के खिलाफ आरोप पत्र पेश किया था। मामले में आरोपी फरहाद मोहम्मद को जमानत मिल चुकी है। जबकि पाक निवासी आरोपी सलमान और अबू इब्राहिम फरार चल रहे हैं।

## पंजाब में ''ऑपरेशन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

डी. बचाओ आंदोलन शुरु करने का निर्णय लिया है, वहीं बादल की पत्नी हरसिमरत कौर बादल ने असंतुष्ट नेताओं के भाजपा के साथ कथित सम्पर्क होने के आरोप लगाए हैं। हरसिमरत कौर हाल ही सम्पन्न लोकसभा चुनावों में निर्वाचित होने वाली शिरोमणि अकाली दल की एकमात्र सांसद हैं। कौर ने संसद में पत्रकारों से कहा कि ''भाजपा की इन कठपुतलियों को महाराष्ट्र की राजनीति से सबक लेना चाहिए, जहाँ बागी नेता हाशिए पर ला दिए गए हैं। भाजपा पर एस.ए.डी. को निगलने के प्रयास का आरोप लगाते हुए हरसिमरत ने कहा कि इस बात की कोई संभावना नहीं है कि उनकी पार्टी एक बार फिर से एन.डी.ए. की सहयोगी बन जाएगी। हरसिमरत कौर नरेन्द्र मादी सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

लोकसभा चुनावों में एस.ए.डी. का प्रदर्शन चिंताजनक रहा है। पार्टी का वोट शेयर वर्ष 2019 में 27.45 प्रतिशत था जो अब घटकर 13.42 रह गया है। बागी नेताओं ने मीटिंग के बाद एक प्रैस कॉन्फ्रैंस को संबोधित किया, जिसमें अकाली दल के राजनीतिक रूप से कमज़ोर पड़ने पर चिन्ता व्यक्त की गई। चन्दूमाजरा ने कहा कि ''हम आसमां से ज़मीन पर आ गिरे हैं। पार्टी नेतृत्व में परिवर्तन ज़रूरी है।'' एक अन्य बागी नेता बीबी जागीर कौर ने कहा कि ''उन्होंने इस मुद्दे को सुखबीर बादल के समक्ष उठाने की कोशिश की किन्तु वह सुनते ही नहीं हैं।''

इस बीच, सुखबीर बादल की पार्टी के जिलाध्यक्षों से मुलाकात के बाद अकाली दल ने कहा कि ''भाजपा प्रायोजित निराश तत्व पार्टी को कमज़ोर करने की कोशिश कर रहे हैं।

## संसद के ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कहा कि वे विपक्ष को भी अपनी आवाज उठाने का अवसर दें। उन्हें बोलने दे ना कि उनका निलम्बन करें। बिना चर्चा के कोई बिल पारित ना होने दिया जाए। विपक्ष की उपस्थिति को महत्व दें क्योंकि वे भी भारत की जनसंख्या के एक बड़े वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं।

संसद टकराव और विद्वेष से भरी रहने वाली है, क्योंकि विपक्ष गुस्से में आग बबूला है और मोदी सरकार संघ परिवार से टकराव और आतंरिक विरोधाभासों के कारण बैकफुट पर हैं।

# एक जुलाई से लागू होंगे नए अपराधिक कानून

## तीनों अपराधिक कानून गत लोकसभा में पारित हुए थे

नयी दिल्ली, 26 जून। देश की आपराधिक न्याय प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन करने और पुराने पड़ चुके कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से पिछली लोकसभा में पारित तीनों नये आपराधिक कानून- भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को आगामी एक जुलाई से लागू किये जाने की तैयारी कर ली गयी है।

- **देश की न्याय प्रणाली में बदलाव करने के लिए अंग्रेजों के जमाने के अपराधिक कानूनों की जगह गत लोकसभा में तीन नए अपराधिक कानून पारित किए गए थे।**
- **ये कानून है, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023। राष्ट्रपति की स्वीकृति के बाद 25 दिसम्बर को इन कानूनों को अधिसूचित किया गया था।**

इन विधेयकों को राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद गत 25 दिसम्बर को अधिसूचित किया गया था।

सूत्रों के अनुसार गृह मंत्रालय ने नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के साथ नियमित बैठकें की हैं। राज्य और केन्द्रशासित प्रदेश नए आपराधिक कानूनों को लागू करने के लिए प्रौद्योगिकी, क्षमता निर्माण और जागरूकता पैदा करने के मामले में पूरी तरह तैयार हैं। नए आपराधिक कानूनों के प्रमुख प्रावधानों में घटनाओं की ऑनलाइन रिपोर्ट करना, किसी भी पुलिस थाने पर प्राथमिकी यानी ज़ीरो एफआईआर दर्ज करना, प्राथमिकी की नि:शुल्क प्रति देना, गिरफ़्तारी होने पर सूचना देने का अधिकार, गिरफ्तारी की जानकारी प्रदर्शित करना, फॉरेंसिक साक्ष्य संग्रह और वीडियोग्राफी, त्वरित जांच, पीड़ितों को मामले की प्रगति का अपडेट देना, पीड़ित महिलाओं और बच्चों के लिए नि:शुल्क चिकित्सा उपचार, इलेक्ट्रॉनिक समन, पीड़िता के महिला मजिस्ट्रेट द्वारा बयान, पुलिस रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराना, न्यायालय में सीमित स्थगन, गवाह सुरक्षा योजना, जेंडर समावेश,सभी कार्यवाहियां इलेक्ट्रॉनिक मोड में होना, बयानों की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग, विशेष परिस्थितियों में पुलिस थाने जाने से छूट, जेंडर-न्यूट्रल अपराध, सामुदायिक सेवा, अपराधों के लिए अपराध की गंभीरता के अनुरूप जुर्माना, सरलीकृत कानूनी प्रक्रियाएं एवं तीव्र एवं निष्पक्ष समाधान शामिल हैं।

सरकार ने इन तीनों कानूनों को लागू करने के लिए पुलिस कर्मियों, जेल कर्मियों, अभियोजकों, न्यायिक अधिकारियों, फॉरेंसिक कर्मियों के साथ-साथ आम जनता सहित सभी पक्षों के बीच विभिन्न पहल शुरू की है ताकि तीनों नए कानूनों के बारे में व्यापक जागरूकता फैले और इन कानूनों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

## नीट पेपर ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने जेल में बंद अभियुक्त चिंटू उर्फ बलदेव और मुकेश को हिरासती पूछताछ के लिए 27 जून 2024 से 04 जुलाई 2024 तक के लिए सीबीआई को सौंपे जाने का आदेश आदर्श केंद्रीय कारागार बेउर के अधीक्षक को दिया है। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि, दोनों अभियुक्तों की चिकित्सकीय जांच करने के बाद उनसे पूछताछ की जाएगी और फिर चिकित्सकीय जांच कराकर 04 जुलाई 2024 को दिन के 11:00 बजे तक न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना है।

केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्रीनगर थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 358/2024 के आधार पर 23 जून 2024 को अपनी प्राथमिकी आरसी 224/2024 भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी, 406, 407, 408 और 409 के तहत दर्ज की है और मामले का अनुसंधान अपने हाथ में ले लिया है। विशेष अदालत में यह मामला आरसी 6ई/2024 के रूप में दर्ज किया गया है।

## कर्नाटक में मांग उठी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बनवाना चाहते हैं, के करीबी सूत्रों के अनुसार, यदि अन्य समुदायों से भी उपमुख्यमंत्री होंगे तो ऐसा करने से उन समुदायों का प्रेम व विश्वास पार्टी को मिलेगा।

संयोगवश, यह इस मांग ने उस समय तब जोर पकड़ लिया था जब लोकसभा चुनाव बीच में आ गए थे। चूंकि अब चुनाव समाप्त हो चुके हैं। अत: पार्टी सूत्रों का कहना है कि यह मांग पुन: उठ रही है।

अब मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री के बीच पार्टी में मतभेद इस तनाव के चल रहा है कि पार्टी के बहुत से नेता इस बात से परेशान हैं कि शिवकुमार के पास मलाईदार मंत्रालय हैं, जैसे- जल संसाधन, बेंगलुरू डवलपमैंट एंड टाउन प्लानिंग, बेंगलुरू शहरी जिला हैं। इसके अतिरिक्त वे कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस समिति के अध्यक्ष भी हैं।

कर्नाटक में कांग्रेस द्वारा लोकसभा की 9 सीटों पर विजय प्राप्त करने के बाद, इनमें से चार सीटें आरक्षित निर्वाचन क्षेत्र की हैं। अत: इन समुदायों के नेता चाहते हैं कि उन्हें ईनाम मिलना चाहिए।

इस मांग को यह कहते हुए आगे बढ़ा दिया गया है कि दो महत्वपूर्ण जातियाँ- लिंगायतों व वोक्कालिगा ने भाजपा को वोट दिए थे इसलिए यह अच्छा विचार है कि एस.सी., एस.टी. तथा पिछड़ा वर्ग समुदाय के नेताओं को ईनाम दिया जाए क्योंकि इन समुदायों के लोगों ने कांग्रेस को वोट दिया था।

साफ है कि इस बात से अप्रसन्न उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार यह उम्मीद कर रहे हैं कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता नेतृत्व के निर्देश पर चलेंगे।

कांग्रेस पार्टी के नेता प्रियांक खड़गे ने पहले ही इस विचार को खारिज़ कर दिया था और उन्होंने कहा था कि यदि उपमुख्यमंत्रियों की नियुक्ति करने से सब कुछ मिल जाता है तो फिर एक मुख्यमंत्री होना चाहिए और उसके बाद सबको उपमुख्यमंत्री बना दिया जाना चाहिए। परन्तु क्या यह संभव हो सकता है उन्होंने यह कहते हुए प्रश्न किया कि यह ऐसा कुछ मुद्दा नहीं है जिस पर पार्टी द्वारा गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

## एक्सिस बैंक ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने भी उसके पक्ष में एनओसी जारी कर दी। लेकिन जब उसने संपत्ति के मूल दस्तावेज मांगे तो बैंक ने कहा कि वे खो गए हैं और मिलते ही लौटा देंगे। बैंक के इस सेवा दोष को परिवादी ने उपभोक्ता आयोग में चुनौती दी। जिस पर सुनवाई करते हुए आयोग ने बैंक पर हर्जाना लगाया है।

## 'एक मिनट के साइलैंस की व्यवस्था...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

भी जनता की आवाज़ का प्रतिनिधित्व करता है, और इस बार विपक्ष पिछली बार की तुलना में अधिक संख्या में जनता का प्रतिनिधित्व कर रहा है।''

उन्होंने कहा, सवाल यह नहीं है, कि सदन का संचालन कितने प्रभावी तरीके से होता है। सवाल यह है, कि सदन में भारत के लोगों की आवाज़ उठाने की कितनी अनुमति किस हद तक दी जाती है। इसलिए यह विचार कि विपक्ष की आवाज़ बंद कर आप सदन को सहजरुप से चला सकते हैं, सही नहीं है। इस चुनाव ने दिखा दिया है कि भारत की जनता चाहती है, कि विपक्ष संविधान की रक्षा करे। देश के संविधान को बचाकर आप भी अपना कर्तव्य निभा सकते हैं।

समाजवादी पार्टी, जो 37 सांसदों के साथ सदन की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है, के नेता अखिलेश यादव ने बिड़ला को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि कोई पक्षपात नहीं होगा। स्पीकर सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष को समान अवसर देगें। उन्होंने कहा कि वे उम्मीद करते है कि जन प्रतिनिधियों की आवाज़ नहीं दबाई जाएगी। सांसदों के निलम्बन जैसी कार्यवाही कर सदन की गरिमा को आहत नहीं किया जाएगा। उनका संकेत दिसम्बर 2023 की घटना की तरफ था जब एक सप्ताह में 100 सांसदों का निलम्बन किया गया था।

यादव ने कहा, कि इस गरिमामय पद की बड़ी जिम्मेदारी है, निष्पक्ष होना। यादव ने कहा, कि स्पीकर का अंकुश विपक्ष पर ही नहीं, सत्ता पक्ष पर भी होगा। उन्होंने कहा ''सदन आपके इशारे पर चले, इसका उलटा ना हो जाए।''

जब बिड़ला सदस्यों से बधाई ले रहे थे तब एक घटना ने उन्हें नाराज़ कर दिया। बिड़ला से सबसे पहली लताड़ शिरोमणि अकाली दल की सांसद हरसिमरत कौर बादल को मिली। जब उन्होंने कुछ सांसदों पर चुनाव जीतने के लिए विचारधारा से समझौता करने का कटाक्ष किया।

बिड़ला ने उन्हें स्पीकर के निर्वाचन के पहले ही दिन राजनैतिक बयानबाजी नहीं करने को कहा। बादल ने स्पीकर से आग्रह किया कि, 17वीं लोकसभा के मुकाबले इस बार क्षेत्रीय दलों को ज्यादा समय दिया जाए।

बिड़ला ने खीज कर कहा, क्या मैंने आपको पहले समय नहीं दिया था। बादल ने कहा, आपने दिया था पर मेरा आग्रह है, इस बार ज्यादा समय दिया जाए।

होशियारपुर के आप सांसद राजकुमार छाबेवाला ने विपक्ष को डिप्टी स्पीकर का पद नहीं देने की बात कही तो बिड़ला ने उन्हें रोक दिया। छाबेवाला ने कहा अटल बिहारी वाजपेयी के शासन में डिप्टी स्पीकर टी.डी.पी. का था, इस पर उत्तेजित होकर बिड़ला ने उन्हें बैठ जाने को कहा।

श्रीनगर के सांसद आगा मेंहदी की टिप्पणी सर्वाधिक गंभीर थी जिसे बिड़ला ने रोक दिया।

मेंहदी ने कहा, क्या सदन के सदस्यों को आतंकवादी कहा जा सकता है। उन्होंने धारा 370 का बिल एक घंटे में पारित करने का आरोप लगाया, जिस पर बिड़ला ने कहाकि, बिल पर 9 घंटे चर्चा हुई थी।

स्पीकर की आपातकाल संबंधी टिप्पणी पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि, ''यह दुर्भाग्यपूर्ण था कि स्पीकर ने सद्भाव पूर्ण माहौल को अपने ''विभाजनकारी'' बयान से खत्म कर दिया। यह 49 साल पुरानी घटना है, इसका उल्लेख जरूरी नहीं था। अगर आप ऐसे दिन जब सद्भाव, सहयोग व आम सहमति का संदेश जाना चाहिए था, इस दिन ऐसी बात करना दुर्भाग्यपूर्ण है।''

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908




“VISIT YOUR NEAREST NEXA DEALERSHIP TO GET EXCITING OFFERS UP TO ₹ 1 00 000*”

Scan to explore NEXA World | Scan to chat on WhatsApp

**ALWAR:** **NEXA MANHAR VILLA** (FORTUNE CARS PH: 7230029424), **BHIWADI:** **NEXA BHIWADI CENTRAL** (FORTUNE CARS PH: 9214794316).

Contact us at **1800-200-[6392], 1800-102-[NEXA]** and visit **www.nexaexperience.com** to book online.

Scan To Book Your Test Drive Now.

*Terms & conditions apply. Features and accessories shown may not be part of standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Images used are for illustration purposes only. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. All offers are applicable till 30th June'24 or till stocks last. Maruti Suzuki Smart Finance is now available pan-India. Maruti Suzuki Subscribe available only in selected cities.